शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 75 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 11 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'झूठ के पुलिंदे से नहीं बदलेगा इतिहास'

## राहुल गांधी ने मुस्लिम लीग के मुद्दे पर भाजपा को दिया जवाब

**नई दिल्ली**

कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र को निशाना बनाते हुए भाजपा के उसे मुस्लिम लीग की छाप कहने पर पार्टी सांसद राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ दल को करार जवाब दिया है। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की झलक देखने वाली भाजपा यह जान ले कि विभिन्न राजनीतिक मंचों से बार-बार झूठ बोलने से इतिहास नहीं बदलेगा।

**इतिहास गवाह है कि...**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को एक्स पर हिंदी में पोस्ट करते हुए कहा, 'इतिहास गवाह है कि कौन देशभक्त था और किसने गद्दारी की है।' भाजपा का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। एकतरफ कांग्रेस है जिसने हमेशा भारत को एकजुट रखा है और दूसरी तरफ वह हैं जो हमेशा लोगों को बांटने की कोशिश करते हैं। इतिहास गवाह है कि किसने देश को बांटने वाली ताकतों से हाथ मिला लिया था और किसने देश की एकता और स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी।

**कौन अंग्रेजों के खिलाफ खड़ा हुआ**

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कौन अंग्रेजों के खिलाफ खड़ा हुआ। जब कांग्रेस नेताओं से जेलों को भरा जा रहा था तो राज्यों में चल रही सरकारों को किन ताकतों ने देश को बांटने के लिए प्रेरित किया? राहुल गांधी ने यह पलटवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बार-बार के हमलों के हमलों के बाद किया है। मोदी ने कहा था कि कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग की छाप रखता है। कांग्रेस ने इसके बाद इस संबंध में चुनाव आयोग से शिकायत की है।

--------



"कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की झलक देखने वाली भाजपा यह जान ले कि विभिन्न राजनीतिक मंचों से बार-बार झूठ बोलने से इतिहास नहीं बदलेगा"

## सैनिक स्कूलों के निजीकरण की खबर पर खरगे ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली**

**कांग्रेस अध्यक्ष** मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर सैनिक स्कूलों के निजीकरण का आरोप लगाया। खरगे ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में बताया है कि सैनिक स्कूलों को निजी हाथों में देने से जुडी यह जानकारी सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी के जरिए सामने आयी है। खरगे ने कहा कि जो जानकारी सामने आयी है, उसके तहत सरकार ने अब तक ऐसे 40 सैनिक स्कूलों को खोलने को लेकर निजी लोगों के साथ व संस्थाओं के साथ एमओयू किया है।



**कौन-कौन से अधिकारी शामिल**

खरगे ने कहा कि इनमें से 62 फीसद से अधिक एमओयू बीजेपी और आरएसएस से जुड़े लोगों के साथ किए गए है। इनमें मुख्य मंत्रियों के परिवार, कई विधायक, भाजपा व आरएसएस पदाधिकारी शामिल है। उन्होंने सरकार के इस कदम को सैन्य बलों के भीतर एक विचारधारा को थोपने की कोशिश बताया है। साथ ही कहा है कि सैन्य बलों को किसी राजनीतिक सोच या विचारधारा से दूर रखने की जरूरत है। ऐसे में राष्ट्रहित को देखते हुए कांग्रेस पार्टी इस पहल को तुरंत वापस लेने की मांग करती है।

## डीएमआरसी को राहत देकर सुप्रीम कोर्ट ने अपने ही फैसले को निरस्त किया

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने अपने ही फैसले को निरस्त करने का आदेश देकर दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन (डीएमआरसी) को बड़ी राहत दी है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने डीएमआरसी की ओर से दाखिल पुनर्विचार याचिका मंजूर करते हुए कहा कि डीएमआरसी को दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस को करीब आठ हजार करोड़ रुपये का भुगतान नहीं करना होगा। कोर्ट ने कहा कि डीएमआरसी की ओर से अब तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो को जमा की गई राशि भी डीएमआरसी को वापस करनी होगी। ये रकम करीब 3300 करोड़ रुपये है। दरअसल, डीएमआरसी और दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस ने 2008 में एक समझौता किया था। इसके तहत नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से द्वारका सेक्टर 21 तक एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के डिजाइन, इंस्टॉलेशन, कमीशन, आपरेशन औ? मेंटेनेंस के लिए 30 साल का समझौता किया गया था। यह लाइन दिल्ली एयरपोर्ट से गुजरनी थी। इस कार्य के लिए डीएमआरसी ने सभी निर्माण कार्य एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस की देखरेख में कराया। जुलाई 2012 में एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस ने वायडक्ट में कुछ खामियां पाई, जिसके बाद काम बंद कर दिया गया। इसके बाद एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस ने डीएमआरसी को नोटिस भेजा। जब खामियों को ठीक नहीं किया गया तब एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस ने अक्टूबर, 2012 में इस डील को खत्म करने के लिए डीएमआरसी को नोटिस भेजा था। एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की सहयोगी कंपनी है।

## नवजात बच्चों की तस्करी के रैकेट का बड़ा खुलासा, चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली**

नांगलोई पुलिस ने नवजात बच्चों की तस्करी के रैकेट का खुलासा किया है। पुलिस ने इस संबंध में एक दंपति सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ये सब तब गिरफ्त में आए जब पंजाब से लाई गई पंद्रह-बीस दिन की नवजात बच्ची को बेचने की कोशिश कर रहे थे। इससे पहले तीन महीने की एक बच्ची को ढाई लाख रुपये में चंडीगढ़ में बेचा गया है।

## राजीव चन्द्रशेखर ने मतदाताओं को रिश्वत देने के 'झूठे आरोपों' पर थरूर को भेजा कानूनी नोटिस



**नई दिल्ली**

**तिरुवनंतपुरम** से भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर ने अपने कांग्रेस समकक्ष शशि थरूर को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। अपने नोटिस में, राजीव चंद्रशेखर ने थरूर पर तिरुवनंतपुरम के घटकों के बीच स्पष्ट रूप से गलत जानकारी प्रसारित करने, प्रमुख मतदाताओं और पैरिश पुजारियों जैसे प्रभावशाली लोगों को रिश्वत देने के संबंध में कथित तौर पर भ्रामक जानकारी फैलाने का आरोप लगाया है। चंद्रशेखर ने शशि थरूर द्वारा लगाए गए आरोपों पर 'आश्चर्य' व्यक्त किया है। भाजपा नेता ने शशि थरूर द्वारा दिए गए लापरवाह बयानों को वापस लेने की भी मांग की है और कहा कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगें, अन्यथा इसके लिए उन्हें कानूनी परिणाम भुगतने होंगे। नोटिस में लिखा है, नोटिस प्राप्तकर्ता द्वारा दिनांक 06.04.2024 को उपरोक्त समाचार चैनल पर हमारे ग्राहक यानी राजीव चन्द्रशेखर के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों और आक्षेपों को तुरंत वापस लें; नोटिस प्राप्तकर्ता द्वारा लगाए गए बेबुनियाद आरोपों और आक्षेपों के बारे में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से हमारे ग्राहक से उसकी संतुष्टि के लिए बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगें और हमारे ग्राहक की प्रतिष्ठा में बाधा डालने, बदनाम करने, परेशान करने और किसी भी अवांछित बात को फैलाने से तुरंत रोकें।

## मंत्री राजकुमार आनंद ने 'आप' से दिया इस्तीफा

### राजनीति नहीं बदली, राजनेता बदल गए, राजकुमार आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे



**नई दिल्ली**

**दिल्ली सरकार** में मंत्री राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। राजकुमार आनंद पर ईडी का छापा पड़ा था। राजकुमार आनंद के घर पर छापेमारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई थी। राजकुमार आनंद दिल्ली सरकार में समाज कल्याण मंत्री थे। इस्तीफे पर राजकुमार आनंद ने कहा 'दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से कनेक्शन इसलिए हुआ, क्योंकि उन्होंने कहा था कि राजनीति बदलेगी तो देश बदलेगा...आज राजनीति नहीं बदली है, लेकिन राजनेता बदल गए हैं। मैंने अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दिया है।' उन्होंने कहा, 'आम आदमी पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए हुआ था, लेकिन आज पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में फंस गई है। मेरे लिए मंत्री पद पर काम करना मुश्किल हो गया है। मैंने मंत्री पद से और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि मैं इस भ्रष्टाचार से अपना नाम नहीं जोड़ सकता।' राजकुमार आनंद ने कहा, 'मैं समाज का बदला चुकाने के लिए मंत्री बना हूं। मैं ऐसी पार्टी का हिस्सा नहीं बनना चाहता जो पीछे हटती हो।

## कांग्रेस और सपा से पूरा उत्तर प्रदेश नाराज : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह


**बुलंदशहर**

चुनावी सरगर्मी के बीच सियासी दिग्गज ताबड़तोड़ रैली और जनसभा कर रहे हैं। बुलंदशहर के भाजपा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के समर्थन में जहांगीराबाद में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2017 में सपा, कांग्रेस ने एक नरेटिव चलाया था कि भाजपा से उत्तर प्रदेश के पिछड़े नाराज हैं। 2019 में इन लोगों ने फिर एक नया नरेटिव चला दिया कि ब्राह्मण नाराज हैं। 2024 में नरेटिव चला दिया कि राजपूत नाराज है।



कांग्रेस हो अथवा सपा हो इनसे तो पूरा प्रदेश नाराज है। रक्षामंत्री ने कहा सपा की हालत यह हो गई है कि सोमवार से लेकर रविवार तक रोज प्रत्याशी बदलते रहते हैं और कांग्रेस की हालत यह हो गई है कि उनको उम्मीवार ही नहीं मिल रहे हैं। 2024 के बाद मुझे लगता है कि लोग पूछेंगे कि सपा कौन? सपा का मतलब 'समाप्त पार्टी'। भाजपा जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा कि 2019 में हमने अपने घोषणापत्र में देश की जनता से जो वादे किये थे वह सभी पूरे किए गए। राजनाथ बोले कि 2014 में हमें जनादेश मिला, 2019 में जनता ने और बढ़-चढ़कर आशीर्वाद दिया। जबकि जनता की इच्छा के अनुरूप भारत के मस्तक को विश्व में ऊंचा करने के काम को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। जनसभा में रक्षा मंत्री ने कहा कि पहले भारत को गरीब और कंगालों का देश कहा जाता था मगर अब भारत के वैज्ञानिक धरती पर ही नहीं चंद्रमा पर भी लैंडिंग करने में कामयाब हो रहे हैं। राजनाथ ने दावा किया कि 2024 के चुनाव के बाद सपा समाप्त पार्टी हो जाएगी और कांग्रेस के बारे में लोग पूछेंगे कि कौन कांग्रेस?

## 'जहरीली शराब से लोग मरते हैं तो इसका विनियमन राज्य क्यों न करें'



**नई दिल्ली**

**आए दिन** देश में जहरीली शराब से होने वाली मौतों की खबरों के बीच मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में औद्योगिक शराब मामले की सुनवाई के दौरान भी इस मुद्दे का जिक्र आया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि हम सभी जहरीली शराब की त्रासदी के बारे में जानते हैं और इस संबंध में राज्य अपने नागरिकों के स्वास्थ्य के बारे में चिंतित भी रहते हैं तो फिर राज्यों को इसके विनियमन की शक्ति क्यों नहीं होनी चाहिए? अगर वे दुरुपयोग रोकने के लिए विनियमन कर सकते हैं तो वह कोई शुल्क भी लगा सकते हैं।

**राज्यों की शक्तियों की समीक्षा कर रही पीठ**

नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन, विनिर्माण, आपूर्ति और विनियमन में केंद्र और राज्यों की शक्तियों की समीक्षा कर रही है। इससे पहले सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने राज्यों के खिलाफ फैसला सुनाया था, जिसके बाद बड़ी पीठ के समक्ष सुनवाई चल रही है। सात न्यायाधीशों की पीठ ने 1997 में केंद्र के पक्ष में फैसला सुनाया था। इस फैसले में कहा गया था कि केंद्र के पास औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन पर नियामक शक्ति होगी। राज्यों द्वारा इस फैसले को चुनौती देने के बाद 2010 में यह मामला नौ न्यायाधीशों की पीठ के पास भेज दिया गया था। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केंद्र की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि राज्यों के पास औद्योगिक शराब के लिए एक नियामकीय तंत्र क्यों नहीं हो सकता है?

## दिल्ली आबकारी घोटाला: मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर 15 अप्रैल को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली**

दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि कोर्ट को ये तय करने की जरूरत है कि क्या मुकदमा काफी धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। ईडी ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में कहा कि कोर्ट अभी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकता कि सिसोदिया दोषी नहीं है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 15 अप्रैल को करने का आदेश दिया। सुनवाई के दौरान ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के पहले के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट को मामले में मेरिट के आधार पर विचार करना होगा। ईडी ने कहा कि सिसोदिया मनी लांड्रिंग कानून की धारा 45 की दोहरी शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं। इसलिए कोर्ट अभी इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकता कि सिसोदिया दोषी नहीं हैं। ईडी ने कहा कि सिसोदिया ने एक्सपर्ट की रिपोर्ट से भटकाने का दिखावा करने के लिए ई-मेल प्लांट किए। इसके लिए हमारे पास दस्तावेजी प्रमाण, व्हाट्सएप चैट और ई-मेल भी हैं।



## नौसेना के लिए पहले फ्लीट सपोर्ट जहाज का निर्माण विशाखापट्टनम में शुरू हुआ

**नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के लिए बनाए जाने वाले पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों (एफएसएस) में से पहले का निर्माण शुरू करने के लिए बुधवार को विशाखापट्टनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड (एचएसएल) में स्टील कटिंग समारोह हुआ। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में हुए समारोह के बाद बनाए जाने वाले फ्लीट सपोर्ट जहाज भारतीय नौसेना की ब्लू वाटर क्षमताओं को बढ़ाएंगे। रक्षा मंत्रालय ने पांच फ्लीट सपोर्ट जहाजों के लिए एचएसएल के साथ एक अनुबंध पर अगस्त, 2023 में हस्ताक्षर किए थे।

## अखिलेश ने पार्टी का चुनावी घोषणापत्र किया जारी

### अखिलेश ने किया वादा - पुरानी पेंशन होगी बहाली, अग्निवीर योजना होगी खत्म, महिलाओं, किसानों, गरीबों पर फोकस

**लखनऊ**

**समाजवादी** पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी कर दिया। इसे 'जनता का मांग पत्र हमारा अधिकार' नाम दिया गया है। घोषणा पत्र में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। इसे जारी करने से पहले लोगों से इसके लिए राय मांगी गई थी। खासकर वे वादे किए गए हैं, जिनकी मांग काफी समय से चली आ रही है। सरकारी कर्मचारियों को साधने के लिए पुरानी पेंशन बहाल करने के साथ नारी शक्ति पर ध्यान देते हुए लड़कियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का वादा किया गया है।




**गरीब महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये पेंशन**

**अखिलेश यादव** ने वादा किया कि युवाओं का ध्यान खींचने के लिए सरकारी विभागों में रिक्त खासकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के पदों को अभियान चलाकर भरा जाएगा। उन्होंने अग्निवीर योजना को समाप्त कर सशस्त्र बलों में नियमित भर्ती का वादा किया है। गरीबी की रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को हर माह 3000 रुपये पेंशन देने के साथ ही मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपये करने और 150 दिन का काम देने का वादा किया गया है।

**छोटे किसानों को हर माह 5000**

सपा मुखिया ने पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में एक-एक वादों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भूमिहीन किरायेदार किसानों समेत सभी छोटे और सीमांत किसानों (ढाई एकड़ से कम भूमि) के लिए 5000 रुपये हर माह पेंशन योजना शुरू की जाएगी। दूध समेत सभी फसलों पर एमएसपी दिया जाएगा। इसकी गणना स्वामीनाथ फामूर्ले (सी+50%) के आधार पर की जाएगी। कानूनी गारंटी के रूप में सभी किसानों को एमएसपी देंगे। भूमिहीन किसानों समेत सभी किसानों को किसान ऋण 2024 में माफ किए जाएंगे।

किसानों को सिंचाई की मुफ्त सुविधा दी जाएगी। कृषि ऋण की निगरानी करने और किसानों को नियमित आधार पर राहत प्रदान करने के लिए किसान आयोग का गठन होगा। सभी कृषि प्रधान राज्यों में हर 10 किलोमीटर पर एक मंडी की स्थापना की जाएगी। यूपी में गन्ना किसानों के लिए समय पर भुगतान कराने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के रोलिंग फंड की स्थापना की जाएगी। मनरेगा द्वारा निजी मजदूरों को उनलकी मजदूरी का 40 फीसदी भुगतान किया जाएगा।

# युवक की संदिग्ध मौत चुपके से कर दिया दफन, अब पोस्टमार्टम के लिए है परेशान

**रील में दो युवकों ने ठंडा का बोतल छिपाने पर परिजनों का जहर पिला मारने का शक गहराया**

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के घाटमपुर गाँव में एक युवक की चार दिन पहले घर के बाहर नलकूप के घर में संदिग्ध रुप से जहरीला पदार्थ खाने से युवक की अस्पताल ले जाते हुए मौत हो गयी थी। जिस पर परिजनों ने चोरी से बिना पुलिस को सूचना दिये ही शव को सिरसा गंगा घाट पर ले जाकर दफन कर दिया। एक रील में मृतक युवक के साथ दो संदिग्ध लड़कों को ठंडा का बोतल छिपाने को देखकर युवक की हत्या का शक जहर पिलाने को लेकर गहरा गया है। जिसकी वजह से परिजन अब युवक की दफन लाश का पोस्टमार्टम कराने के लिए परेशान है। इस संबंध में थाने पर तहरीर दी गयी है।आप को बताते चले कि क्षेत्र के घाटमपुर गाँव निवासी फूल चंद पासी का बेटा अमरेन्द्र कुमार पासी उम्र 17 वर्ष 6 अप्रैल की शाम अपने घर से लगभग 200 मीटर दूर नलकूप के घर में बेहोशी हालत में मिला था। उसके मुंह से झांग निकल रहा था। घर के लोग हंडिया अस्पताल लेकर भागे लेकिन उसकी मौत हो गयी थी। घर के लोग जहर खाकर आत्म हत्या का शक जताते हुए पुलिस के पचड़े में न पड़ने की बात सोच युवक की शव को पुलिस के बिना सूचना ही सिरसा घाट पर ले जाकर दफन कर दिया गया। मौत के दो दिन बाद एक रील जिसमें गाँव के दो लड़कों के साथ मृतक युवक भी है के वायरल होने पर अमरेन्द्र की मौत पर शक गहरा गया। परिजनों के मुताबिक वायरल रील 6 अप्रैल का ही है। रील उसी नलकूप पर बनाया गया है । वायरल रील में मृतक युवक के पीछे मस्ती में दो लड़कों ने एक ठंडा का बोतल छिपा रहे हैं। परिजनों को आशंका है कि उस बोतल में जहरीला पदार्थ अमरेन्द्र को पिला कर उसकी हत्या कर दी गयी। मंगलवार को मृतक युवक के पिता फूल चंद के साथ कई लोग थाने पर पहुँच कर चोरी छिपे गंगा घाट पर दफनाई गयी लाश को पोस्टमार्टम कराने के लिए और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी गयी। इस संबंध में उन्होंने कहा कि-

> दफन की गई लाश का पोस्टमार्टम कराने का अधिकार हमारे अधिकार छेत्र में नहीं है। जब था तो सूचना ही नहीं दिया गया। जिला मजिस्ट्रेट और विभागीय अफसरों के आदेश पर ही पोस्टमार्टम कराया जायेगा।
>
> **पंकज कुमार त्रिपाठी**
> **थानाध्यक्ष उतरांव, प्रयागराज**

## क्षेत्र के विभिन्न बाजारों में मनाई गई खुशियां

**कुंडा प्रतापगढ़।** कौशांबी सांसद विनोद सोनकर को तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने की जानकारी होते ही कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। कार्यकर्ता एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, पूर्व प्रत्याशी कुण्डा सिन्धुजा मिश्रा सेनानी, भाजपा नेता ठाकुर प्रकाश सिंह , नगर पंचायत मानिकपुर की अध्यक्ष चंद्र लता जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्र राजन, सरोज त्रिपाठी, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय, नगर पंचायत हीरागंज बाजार अध्यक्ष प्रतिनिधि उदय शंकर पांडेय, भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, भोला सेठ, रामकुमार कोरी, प्रसून मिश्र, डॉ सुमन साहू ,सुरेश तिवारी, मुन्ना मिश्र, हरकेश शुक्ल, पवन गौतम,योगेंद्र नाथ मिश्र मौला, कमलेश सोनकर ,संजय सोनकर, आनंद मिश्र, गुड्डू पांडेय,आनन्द तिवारी, सौरभ पांडेय,प्रधान सूरज शुक्ल, ज्ञान चन्द्र यादव फौजी सहित अनेक कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया।

## प्रवीण पटेल को लोकसभा प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपाइयों में खुशी

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल को फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने पर भाजपाइयों में खुशी की लहर है। प्रत्याशी बनाये जाने की घोषणा होने के बाद सोशल मीडिया व प्रवीण पटेल के आवास पर पहुच कर भाजपाइयों उन्हें बधाई दी। प्रवीण पटेल फूलपुर से पहली बार बसपा के टिकट पर जीत दर्ज की थी। दूसरी बार सपा के सईद अहमद से शिकस्त मिली तो वह 2017 में भाजपा का दामन थाम लिया। अमित शाह की अंदावा में बड़ी सभा हुई तभी प्रवीण पटेल ने अपने समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हुए। भाजपा ने उनपर भरोसा जताया और फूलपुर से प्रत्याशी बनाया उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की दूसरी बार भी वह भाजपा के टिकट पर विधायक है। बधाई देने वालो में महापौर गणेश केशरवानी, पार्षद अनिल यादव, शिवनारायण यादव, मनोज निषाद, अमर सिंह, डब्बू दुबे, मनोज जिगिना, पूर्व प्रधान राजेश सिंह, अमित सिंह, टीएन सिंह, लक्ष्मी कांत उपाध्यक्ष, प्रभाकर दुबे आदि शामिल रहे।



## लोस का टिकट मिलने पर भाजपा कार्यकताओं एवं लोगों में खुशी की लहर

**सहसों।** फूलपुर लोकसभा से विधायक प्रवीण पटेल को प्रत्याशी बजाए जाने पर भाजपा कार्यकताओं एवं अन्य समर्थक लोगों में खुशियों की लहर दौड़ पड़ी है। इस मौके पर सहसों, चिरौरा चौराहा, सिंगरामऊ सहित आदि गांव में भाजपा कार्यकताओं सहित आदि समर्थकों ने जगह-जगह दुकानों एवं गुमटियों पर बैठकर चुनावी चर्चा करते हुए लोकसभा चुनाव में विधायक प्रवीण पटेल को लोगों से जीताने की अपील करते मिठाई बांटकर खुशी व्याप्त की गई। खुशी व्यक्त करने वालों में वीरेन्द्र बहादुर सिंह, राजधर द्विवेदी, जय प्रकाश द्विवेदी, रमेश कुमार द्विवेदी, आलोक सिंह, बाल गोविंद तिवारी, पवन शुक्ला, सोहनलाल केसरवानी, कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, संजय सिंह, अनिल सरोज, कृष्ण कुमार चौरसिया, विमल कुमार कुशवाहा, आशीष प्रजापति, अशोक गुप्ता, हरि प्रताप पटेल, श्याम सूरत प्रजापति, लाल बहादुर भारतीया शाहिद आदि लोग शामिल रहे।

**मंत्री जी भी लाइन में, स्कूलों में सीटें फुल....**

# प्रयागराज के बड़े प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के लिए दिग्गज कर रहे पैरवी!

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज के प्राइवेट स्कूलों में एडमिशन के लिए इन दिनों मारामारी मची हुई है। शहर के महर्षि पतंजलि विद्या मंदिर, सेंट मैरी, जीएचस, बीएचएस व सेंट जोसेफ जैसे स्कूलों में इन दिनों बड़ी संख्या में पेरेंट्स एडमिशन के लिए दौड़ रहे हैं। इतना ही नहीं पेरेंट्स एडमिशन के लिए बड़े-बड़े दिग्गजों ने पैरवी भी करा रहे हैं। विधायक, सांसद ही नहीं मंत्री जी खुद पैरवी कर रहे हैं। एडमिशन टेस्ट होने के बाद पेरेंट्स लगातार स्कूल का चक्कर लगा रहे हैं। एलकेजी से 8 वीं कक्षा में एडमिशन के लिए

**मंत्री ने लेटर लिखकर एडमिशन करने का किया है अनुरोध**

रिक्वेस्ट फॉर्म भी अब नहीं दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार के एक मंत्री ने शहर के एक बड़े स्कूलों को लेटर लिखा है। उन्होंने एक बच्चे के एडमिशन का अनुरोध किया है। लेकिन लाचार स्कूल प्रशासन एडमिशन कैसे करे? बड़े अफसर भी एडमिशन के लिए पैरवी कर रहे हैं। बड़े स्कूलों की बात 200 से 500 तक वेटिंग चल रही है। जिनका एडमिशन होना संभव नहीं हो पा रहा है। शहर के एक बड़े डॉक्टर अपनी बेटी के एडमिशन के लिए ना जाने कितने लोगों से पैरवी करा चुके हैं लेकिन एडमिशन की गुजांइश नहीं बनी

**एलकेजी व छठवीं कक्षा में सबसे ज्यादा भीड़ :**

इन सभी स्कूलों में सबसे ज्यादा एडमिशन के लिए एलकेजी व छठवीं कक्षा में भीड़ है। अब स्कूल प्रशासन का कहना है कि छठवीं कक्षा में नए एडमिशन में दिक्कत हो जाती है, क्योंकि 2-4 बच्चे ही स्कूल से दूसरे स्कूल में जाते हैं, लेकिन एडमिशन के बड़ी संख्या में फॉर्म आने लगते हैं। ऐसे में मजबूरी हो जाती है कि निर्धारित सीट से ज्यादा एडमिशन कैसे करें।

## कर्मचारी चयन आयोग ने तीन भर्ती परीक्षाओं की तिथि बदली

**प्रयागराज।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने लोकसभा चुनाव के चलते की मई में होने वाली तीन भर्ती परीक्षाओं की तिथि में बदलाव किया है। अब यह परीक्षाएं मतगणना होने के बाद जून में कराई जाएगी। लोकसभा चुनावों की घोषणा होने से पहले एसएससी ने तीन भर्तियों का विज्ञापन जारी कर दिया था। उसी के साथ ही उन भर्तियों की परीक्षा तिथि भी निर्धारित कर दी गई थी।पिछले महीने चुनाव की अधिसूचना जारी हुई। लोकसभा चुनाव का मतदान 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में होगा। उसके बाद चार जून को मतगणना होगी। इस बीच परीक्षा नहीं हो सकती है। इसलिए एसएससी ने मई में होने वाली परीक्षाओं की तिथि में बदलाव कर दिया है। एसएससी ने जूनियर इंजीनियर भर्ती का विज्ञापन मार्च को जारी किया था।इसकी परीक्षा चार, पांच और छह जून को होनी थी। अब वह परीक्षा पांच, छह और सात जून को होगी। ऐसे ही सेलेक्शन पोस्ट- 12 की भर्ती का विज्ञापन 26 फरवरी को आया था। आनलाइन परीक्षा छह, सात और आठ मई को होनी थी। अब 24, 25 और 26 जून को होगी। सेंट्रल आर्म्ड पुलिस बल (सीएपीएफ) और दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर (एसआई) की भर्ती का विज्ञापन चार मार्च को आया था। इसकी परीक्षा नौ, 10 और 13 मई को परीक्षा होनी थी। अब 27, 28 और 29 जून को परीक्षा कराई जाएगी।

# वास्तविक घटना को दबाकर पीड़िता की तहरीर बदल कर दर्ज की एफआईआर

**पीड़िता और उसकी मां ने खीरी पुलिस पर जाति द्वेष भावना से अपराधी को बचाने का लगाया आरोप**

**कोरांव।** खीरी पुलिस अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की भी निर्देश को नहीं मानती। इसका उदाहरण खीरी थाने में दर्ज क्राइम नंबर 55 /2024 है। दरअसल ग्राम अल्हवा थाना कोरांव निवासिनी हिना पुत्री खलीकुल्ला की सोलह वर्षीय को ग्राम नीबी थाना खीरी निवासी ब्रिजेस कुमार बिंद आठ साल पूर्व बहला फुसला कर और इस्लाम धर्म अपनाने तथा अपनी लंबी प्रापर्टी बता कर भगा ले गया था। गैर प्रांत कई साल रहने के दरम्यान दो बच्चे भी हैं। ब्रिजेस कुमार ने हिना बानो की जगह हिना बिंद पत्नी ब्रिजेस कुमार आधार में बनवा कर धर्म परिवर्तन करा दिया। और धोखा दे कर अपनी बीबी की तरह रखा। इसी दरम्यान बृजेश बिंद नीबी ग्राम रहने लगा। और हिना ने भी अपने मां बाप भाषी बहनों से इसी हाल पर रहने की इच्छा जताई। और आर्थिक सहायता मांगी। 42 हजार रुपए हिना के भाई आदि ने हैंडपंप लगवाने घर के छपर आदि लगवाने की लिए भी दिया। इसी बीच बृजेश कुमार बिंद का गांव की एक दलित महिला से अवैध संबंध हो गया। तभी से हिना को आए दिन बुरी तरह मारने पीटने लगा। और बोलता की तुम मुस्लिम महिला हो मेरे समाज वाले तेरे वजह से हमे स्वीकार नहीं कर रहे। इसी बात को ले कर एक अप्रैल 2024 को ससुराल में बृजेश कुमार बिंद ने हिना को बुरी तरह मारा पीटा पूरा शरीर काला हो गया। किसी तरह बच्चों को साथ ले कर जान बचाने हेतु अल्हवा पिता के यहां चली आई उपचार कराने लगी। उक्त घटना की सूचना 1090 पर पीड़िता ने काल की,और शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता को थाना कोराव या खीरी रपट दर्ज कराने की कहा। 6 अप्रैल को पीड़िता कोराव थाने गई। जहां उसकी तहरीर थाना खीरी के लिए दर्ज कराने को बोला गया। दिन भर खीरी पुलिस पीड़िता और उसकी मां बाप और उक्त ग्राम के ग्राम प्रधान को बैठाए रखा,तहरीरें कई बार बदलवाई गई। धाम होने लगी तो पीड़िता लौट आई। दूसरे दिन सोशल मीडिया में खबर वायरल हुई तो डीसीपी यमुनानगर ने ट्वीट कर खीरी पुलिस को कार्यवाही का आदेश दिया। 9 अप्रैल को खीरी थाने दूसरी तहरीर ले कर पीड़िता माता के साथ गई तो पुलिस वाले धमकाने लगें की मीडिया और अफसरों से क्यों शिकायत किए। तहरीर में आरोपियों को बचाने के लिए अपने से तहरीर लिख कर पीड़िता से दस्तखत करा लिया। और बोला जड़ कोरांव सीएचसी मेडिकल कराओ। देर शाम एक महिला कांस्टेबल पीड़िता को ले कर कोराव गई। डाक्टरी रात कराई। और ज्यादा देर होने के कारण सिपाही एक दुग्ध वाहन से पीड़िता को अल्हवा पहुंचा कर देर रात खीरी गई। खास बात तो यह है कि तहरीर में पुलिस ने आरोपी बृजेश कुमार बिंद को सच्चाई से परे हट कर रिपोर्ट मनमाने ढंग से करा ली। दहेज उत्पीड़न का मामला दर्शा दिया। जबकि घटना धर्म परिवर्तन और नाबालिग से बालिग बना कर जबरन विवाह करने फिर दूसरी शादी के चक्कर में बुरी तरह जान से मारने के उद्देश्य से संबंधित था। किंतु आरोप है की बृजेश कुमार बिंद को बचाने के लिए खीरी पुलिस शुरू से ही लगी थी। पीड़ित परिवार पुलिस आयुक्त और मुख्य मंत्री से मिल कर गलत तहरीर दर्ज करने की शिकायत करेगा। क्योंकि आरोपी को जेल भेजने का उद्देश्य खीरी पुलिस को नहीं दिख रहा था।

## राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ में भक्तों ने किया पूजन अर्चन व आरती



**धनूपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री राज राजेश्वरी शक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी धनूपुर प्रांगण में सुबह-शाम पूजन, अर्चन, आरती किया जा रहा है जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर है। मंदिर के संस्थापक रामानुजाचार्य हरि प्रपन्नाचार्य महाराज के नेतृत्व में आश्रम के भक्तों द्वारा विभिन्न पुष्पों, फलों एवं पत्तों तथा तोरण एवं झालरों द्वारा भव्य तरीके से श्रृंगार किया गया है। आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से कलश स्थापना करवाया गया एवं प्रथम दिवस मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन आरती किया गया दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी स्वरूप का पूजन अर्चन किया गया।नवरात्रि के दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी देवी की पूजा-अर्चना की जाती है, माता ब्रह्मचारिणी के दाएं हाथ में माला और बाएं हाथ में कमंडल है मां ब्रह्मचारिणी मां को ज्ञान, तपस्या और वैराग्य की देवी माना जाता है कठोर साधना और ब्रह्म में लीन रहने के कारण भी इनको ब्रह्मचारिणी कहा गया है ब्रह्मचारिणी रूप की आराधना से उम्र लम्बी होती है। पंडाल में भक्तों द्वारा आरती पूजन अर्चन भक्ति गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अनुज महाराज,? रिंकू आचार्य, मनीष आचार्य, मनोज पांडेय, विवेक शुक्ला, अभिषेक शुक्ला, हर्षवर्धन शुक्ला, उत्कर्ष शुक्ला सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## भागवत कथा श्रवण मात्र से सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है : आचार्य देवव्रत



**करछना।** क्षेत्र के घटवा गांव स्थित श्रीमती शिव कुमारी बालिका इंटर कॉलेज में दूसरे दिन बुधवार को संगीतमयी सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा श्रवण करने के लिए भक्त लोगों की भीड़ रही। लोग कथा सुन भाव विभोर हो रहे हैं। कथावाचक के रूप में कथा के व्यास पीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य देवव्रत जी महाराज ने बुधवार कथा प्रारंभ करते हुए गोकर्ण , धुंधकारी व समुद्र मंथन की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उन्होंने भागवत माहात्म की महिमा का बखान करते हुए लोगों से कथा श्रवण पर विशेष बल दिया। और बताया कि कथा के रसपान से मनुष्य के सारे पाप धुल जाते हैं। कथा के मुख्य श्रोता यजमान ओंकारनाथ शुक्ल व शिव कुमारी शुक्ला की ओर से कथा व्यास सहित सभी आचार्य लोगों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया कथा के संयोजक मनोज कुमार शुक्ल, विवेक कुमार शुक्ला सीओ, दीपिका शुक्ला,युथिका शुक्ला, कात्यायनी शुक्ला वेदांश शुक्ला, सुशील कुमार शुक्ल और व्यवस्थापक मनोज कुमार शुक्ल की ओर से सभी भक्त लोगों के प्रति आभार जताया गया। इस मौके बड़ी संख्या में श्रोतागण व भक्त लोग मौजूद रहे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बेसिक शिक्षा के स्काउट गाइड शिक्षकों ने तैयार की नुक्कड़ नाटक टीम

**प्रयागराज।** लोक सभा आम चुनाव-2024 मतदाता जागरूपता अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के स्काउट गाइड शिक्षकों ने स्वीप कार्यक्रम को जन जन तक पहुँचाने तथा मतदाताओं को जगरूप करने के लिए नुक्कड़ नाटक का अभ्यास प्रारम्भ कर दिया है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी तथा समन्वयक एम0डी0एम0 राजीव त्रिपाठी के निर्देशन मे जिला स्काउट मास्टर फिरोज आलम खान द्वारा मतदाता जागरूपता पर आधारित नुक्कड़ नाटक तैयार कराया जा रहा है नुक्कड़ नाटक के अंतर्गत युवा मतदाताओं को जोड़ना, मतदान के दिन अधिक से अधिक लोग घर से निकले, महिलाओ और दिव्यांग जनो द्वारा मतदान जैसी अनेको थीम-विषय



पर जिला व्यायाम योग शारीरिक शिक्षा एवं स्काउट-गाइड प्रशिक्षण केंद्र एलनगंज पर अभ्यास कराया जा रहा है नुक्कड़ नाटक टीम लीडर श्रद्धा श्रीवास्तव के साथ अलका सेठ, राशी शर्मा,अनीता वर्मा, विनीता राय, पिंकी वर्मा,रूचि तिवारी, सीमा, उमेश चंद्र द्विवेदी तथा प्रेम नारायण प्रमुख पात्र के रूप मे कार्य कर रहे है।आई0टी0 कोऑर्डिनेटर भारत स्काउट गाइड तथा नगर गाइड कैप्टन अनुरागिनी सिंह, जिला गाइड कैप्टन प्रवीण सिंह, जिला संगठन आयुक्त गाइड गायत्री यादव तथा नगर स्काउट मास्टर प्रभात श्रीवास्तव तथा शशिकांत मिश्रा नुक्कड़ नाटक टीम को सहयोग प्रदान कर रहे है।

## न्यूज झरोखा

### तकनीकी खेती के लिए जरूरत मंदो को वितरण की गयी जरूरी उपकरण



उतरांव।सहगल फाउंडेशन एवं वॉलमार्ट द्वारा संचालित बोलस्टरिंग एफपीओ परियोजना के अंतर्गत ऑर्गेनिक प्रोडक्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड कोड़ापुर फूलपुर प्रयागराज के द्वारा खानपुर दांडी प्रतापपुर सेंटर पर कृषकों को तकनीकी सब्जियां जैसे - टमाटर, नेनुआ एवं लौकी आदि खेती के बचाव के लिए एक बीघा खेत के लिए प्रदर्शन हेतु बास के बम्बू,जीआई तार, धागा, फेंसिंग किट का वितरण किया गया। साथ ही महिला कृषकों को किचन गार्डन हेतु फेंसिंग जाल का वितरण किया गया।जिसमें सहगल फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुमित जी, अजीत जी एवं दिनेश मौर्य ने भाग लिया तथा कोड़ापुर एफपीओ से बीओडी रणजीत सिंह , एलआरपी सत्येंद्र कुमार सिंह सहित भारी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

### आगजनी से पीड़ित किसानों से मिले पूर्व विधायक उज्जवल रमण



करछना। पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह मंगलवार को जमुना पार के करछना तहसील के अंतर्गत खाई, अंतहिया ,नीबी एवं गधियाव गांव में व्यापक पैमाने से विजली की सार्ट सर्किट से लगी गेहूं की फसल में सैकड़ो बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई थी जिससे पीड़ित किसानों का दुख दर्द बांटने एवं सरकार से उचित मुआवजा दिलाए जाने के लिए घर-घर जाकर पूर्व विधायक उज्जवल रमण सिंह पीड़ित किसानों से मिलकर भरोसा दिलाया मंगलवार को व्यापक पैमाने पर सैकड़ो बीघा गेहूं की फसल बिजली की सार्ट सर्किट के आग लग गई थी जिसके कारण किसानों को बड़ी किसानों की गेहूं की फसल खेतों में जल कर खाक हो गई थी साल भर अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए बोई गई गेहूं की फसल पूरी जलकर नष्ट हो गई थी जिसकी जानकारी होने पर पूर्व क्षेत्रीय विधायक उज्जवल रमण सिंह किसानों का दुख दर्द बांटने एवं सरकार से फसलों का उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिलाया।

### मऊआइमा में दिखा गंगा जमुना का तहजीब , प्रधान प्रतिनिधि ने किया रोजा इफ्तार काआयोजन



**मऊआइमा।** मंगलवार को मऊआइमा विकास खण्ड के जमखुरी में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरताज आलम के घर पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें मुस्लिम के साथ हिंदू भी एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार में बढ़ चढकर भाग लिया। इससे गंगा जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। इस मौके पर सोरांव विधायिका गीता पासी, रानीगंज विधायक आरके वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मऊआइमा इम्तियाज शमी, दूधनाथ पटेल,राकेश कुमार पटेल उर्फ गुड्डू , अमजद हुसैन,दानिश अली, अंकेश पटेल ,पप्पू मलावां, दानिश अली समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ईदुल फितर को लेकर क्षेत्र में पुलिस का सख्त इंतजाम, ईद आज



**मऊआइमा।** ईदुल फितर का त्योहार गुरूवार को मनाया जाएगा। सुबह लगभग सभी मस्जिदों और ईदगाहों में ईदुल फितर की नमाज अदा की जाएगी। नमाज के मद्देनजर क्षेत्र में पुख्ता पुलिस का इंतजाम किया गया है। बताया गया है कि ईदगाह मऊआइमा में ईदुल फितर की नमाज मुफ्ती मौलाना हबीबुर्रहमान इमामे ईदगाह अदा कराएंगें।इसी प्रकार बांदीपुर मऊदोस्तपुर ईदगाह में मौलाना जैद शरीफ अदा कराएंगें।बता दें कि ईदगाह बांदीपुर मऊदोस्तपुर में शताब्दियों से महिलाएं नमाज अदा करती चली आ रही है। नमाज के बाद लोग एक दूसरे को गले मिलकर ईद की बधाई देते हैं और ईद पर सदर बाजार में तीन दिनों तक टर्र का मेला लगता है ?।जिसमें भारी भीड रहती है। बच्चों के लिए।झूला आदि अनेकों प्रकार की खिलौने की दुकानें बुधवार को ही शाम से सजने लगी है।

# प्रा. विद्यालय इस्माइलगंज सेकेंड में ग्रेजुएशन सेरेमनी का हुआ भव्य आयोजन

**प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज सेकेंड में ग्रेजुएशन सेरेमनी का हुआ भव्य आयोजन, बच्चों को स्कूल डायरी देकर शिक्षा के प्रति बच्चों में एक नई शिक्षा नीति शुरूवात की गयी**

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** जहां चाह वहां राह बस, इसी कथन को सत्य साबित करते हुए बुधवार को प्राथमिक विद्यालय इस्माइलगंज सेकेंड में ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी शैलपती यादव रहे वहीं डायट मेंटर रिचा राय, ए आर पी शशिकांत मिश्रा व पंकज त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कक्षा में प्रथम स्थान पाने वाले बच्चे, पूरे सत्र में सबसे अधिक उपस्थिति देने



वाले बच्चे व बेस्ट यूनिफॉर्म में आने वाले बच्चों को मेडल, कैप व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया ' निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा कक्षा में मॉनिटर चुने गए बच्चों को बैच दिया गया। नये सत्र के लिए बच्चों को स्कूल डायरी देकर शिक्षा के प्रति बच्चों में एक नई शिक्षा नीति शुरूवात की गयी। बच्चों को कई प्रकार से उपहार के साथ सम्मानित भी किया गया आए हुए अतिथियों के द्वारा पूरे सत्र में सक्रिय भागीदारी दिखने वाले अभिभावकों को पुष्पगुच्छ व उपहार देकर उन्हें भी सम्मानित किया। बच्चों ने रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिसमें इंग्लिश स्पीच, हिंदी स्पीच, कविता व नृत्य आदि शामिल थे ' अन्त में मुख्य अतिथि द्वारा अभिभावकों को प्रोत्साहित किया गया साथ मेंटर ऋचा रॉय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु कुछ आवश्यक सुझाव दिए गए। एआरपी गण द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस कार्यक्रम को संयोजित करने हेतु विद्यालय स्टाफ सीमा जी व दिव्या तिवारी की अभिभावकों द्वारा बहुत सराहना की गई।

# रीता जोशी, केशरी देवी का टिकट कटा, इलाहाबाद से नीरज त्रिपाठी, फूलपुर से प्रवीण पटेल बने भाजपा प्रत्याशी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भाजपा ने इलाहाबाद और फूलपुर से वर्तमान दोनों सांसदों प्रो. रीता बहुगुणा जोशी और केशरी देवी पटेल का टिकट काट दिया है। बुधवार को भाजपा की ओर से जारी नई लिस्ट में पार्टी ने इलाहाबाद संसदीय सीट से नीरज त्रिपाठी और फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से प्रवीण सिंह पटेल को उम्मीदवार बनाया है। प्रवीण सिंह पटेल वर्तमान में फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं और वह तीसरी बार विधानसभा में पहुंचे हैं। नीरज त्रिपाठी पूर्व राज्यपाल स्व. केशरीनाथ त्रिपाठी के पुत्र हैं। वह इलाहाबाद हाईकोर्ट के अपर महाधिवक्ता हैं। भाजपा ने कौशाम्बी लोकसभा से दो बार से लगातार सांसद विनोद सोनकर पर एक बार फिर विश्वास जताया है। भाजपा ने वर्तमान में दोनों महिला सांसदों का





टिकट काट दिया है। दोनों महिला सांसदों प्रो. रीता बहुगुणा जोशी और केशरी देवी पटेल का टिकट कटने की पहले से ही संभावना जाहिर की जा रही थी। इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी बनाए गए नीरज त्रिपाठी की पत्नी कविता त्रिपाठी भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री हैं। वह 2022 के विधानसभा चुनाव में शहर उत्तरी से टिकट की दावेदार थीं, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### हाईकोर्ट में महाधिवक्ता हैं नीरज त्रिपाठी

नीरज त्रिपाठी वर्तमान समय में हाईकोर्ट इलाहाबाद में अपर महाधिवक्ता हैं। उनकी गिनती बेदाग छवि के लोकप्रिय अधिवक्ताओं में होती है। नीरज त्रिपाठी के साथ ही उनकी पत्नी कविता भी समाजसेवा में सक्रिय रूप से भागीदारी करती हैं। वर्तमान समय में कविता भाजपा महिला मोर्चा में प्रदेश मंत्री हैं। बता दें कि केसरी नाथ त्रिपाठी भाजपा के बड़े नेता थे। वह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और राज्यपाल के पद पर रहे। आठ जनवरी 2023 को उनका निधन हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गज नेताओं ने शोक जताया था।लोग बताते हैं कि प्रयागराज के यमुनापार क्षेत्र के विकास के लिए केसरीनाथ त्रिपाठी ने अंतिम समय में भी सीएम योगी से कहा था। यही कारण है कि आज नैनी के अरैल में बनने वाला त्रिवेणी पुष्प के लिए सीएम ने पहल की। इसके अलावा बिजली, पानी, सड़क पर भी खूब काम किया। केसरी नाथ त्रिपाठी हमेशा कहते थे कि राजनीति को व्यापार नहीं बनाना चाहिए। वह परिवारवाद के खिलाफ थे। अपने जिंदा रहते कभी बेटे को राजनीति में नहीं भेजा। उन्होंने अंतिम समय में कार्यकताओं से एकजुट होकर सही व्यक्ति का चुनाव करने का संकल्प दिलाया। सभाओं में केसरीनाथ त्रिपाठी से जब कार्यकर्ता बेटे को राजनीति में लाने की बात करते थे तो वह कहते थे कि मेरे जाने के बाद बेटे को राजनीति में लाइएगा।

# कौशाम्बी लोकसभा से तीसरी बार प्रत्याशी बनाये गए विनोद सोनकर

## बुधवार को सूची जारी होते ही कार्यकताओं में दिखी खुशी की लहर, विकास कार्यों के कारण क्षेत्र में बने लोकप्रिय

**कुण्डा प्रतापगढ़।** बुधवार को जैसे ही भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कौशांबी लोकसभा क्षेत्र से विनोद सोनकर को तीसरी बार प्रत्याशी बनाने की सूची जारी हुई। क्षेत्र में कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। बता दें कि पिछले एक महीने से कार्यकर्ता प्रत्याशी का इंतजार कर रहे थे आए दिन कोई ना कोई अफवाह उड़ाई जाती थी। लंबे इंतजार के बाद नवरात्रि के दूसरे दिन बुधवार को केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा उत्तर प्रदेश से 7 प्रत्यशियों के नामों पर मोहर लगाई गई। जैसे ही सूची दोपहर 1 बजे आई। कार्यकर्ता एक



दूसरे को बधाई देने के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा कराके बधाई देने लगें। उत्साही कार्यकताओं ने गोला दगा कर अपनी खुशी का इजहार किया। वर्ष 2014 में पहली बार विनोद सोनकर कौशांबी लोकसभा से कमल खिलाएं। इसके बाद वह बराबर क्षेत्र का भ्रमण कर जन चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण करवाने का प्रयास करते रहे। 2019 में पुनः भाजपा ने उन्हें कौशांबी से प्रत्याशी बनाया। दूसरी बार भी कमल खिलाने में कामयाब रहे । 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने तीसरी बार विनोद सोनकर के ऊपर भरोसा जताते हुए कौशांबी लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि पिछले दस वर्षों में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया गया है। आज सांसद विनोद सोनकर के द्वारा कराए गए विकास कार्य दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्र की जनता ऐतिहासिक मतों से इस बार सांसद जी को विजयी बनायेगी।

# बुजुर्ग की हत्या में एक और गिरफ्तार

**झूंसी।** हवेलिया में कब्रिस्तान की जमीन कब्जे के विरोध में हुई बुजुर्ग की हत्या में एक और आरोपी को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पहले ही दो को पुलिस जेल भेज चुकी है। अन्य आरोपियों की तलाश चल रही है। हवेलिया में शनिवार को कब्रिस्तान की जमीन के कब्जे का विरोध करने पर अहमद अली उर्फ छोटे मुल्ला की हत्या हो गई थी। मामले में पुलिस ने मो. कयूम व मो. गनी को पहले ही जेल भेज चुकी है। बुधवार को पुलिस ने सेबू मलिक को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सेबू मालिक पहले भी हत्या, हत्या के प्रयास सहित कई मामलों जेल जा चुका है। सभी पर गैंगेस्टर की भी कार्यवाही की जाएगी।

# भाजपा से संसद का टिकट मिलने के बाद कार्यकताओं में खुशी की लहर

**कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर पार्षद राकेश जायसवाल उनके आवास पर जाकर दी बधाई**

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी प्रयागराज से भारतीय जनता पार्टी के टिकट मिलने के बाद पंडित नीरज त्रिपाठी को बधाई देने के लिए पार्षद राकेश जयसवाल उनके आवास पर जाकर जीत की बधाई दी पार्षद राकेश जायसवाल ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने सांसद का टिकट पंडित नीरज त्रिपाठी को मिलने के बाद नैनी में कार्यकताओं में खुशी की लहर है। पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल, धीरज केसरवानी, सुजीत जायसवाल, धर्मराज पटेल, राजेश गॉड, पिंटू जैन, गुडविल गैरेज, दिनेश केसरवानी, एवं कार्यकर्ता लोग मौजूद रहे।





### नैनी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने मिठाई बटकर खुशी का इजहार किया



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी के महानगर उपाध्यक्ष किसान मोर्चा पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव के नेतृत्व में नैनी में कार्यकताओं के द्वारा मिठाई बटकर खुशी का इजहार किया गया। संजय श्रीवास्तव ने भारतीय जनता पार्टी को आभार व्यक्त किया प्रयागराज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी के सुपुत्र वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी को प्रत्याशी के रूप में घोषित करना भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बनाने जा रही है यह जीत स्वर्गीय पं. केसरी नाथ त्रिपाठी को समस्त प्रयागराज की जनता कभी भूल नहीं सकती है। जीत का अंतर चार लाख से भी अधिक मतों से होना लगभग तय है क्योंकि पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी का व्यक्तित्व और उनके द्वारा प्रयागराज में किए गए विकास कार्यों को हमारे जैसे कार्यकर्ता कभी भूल नहीं सकते व्यक्तिगत रूप से में तो कभी भी नहीं भूल सकता हूं। पंडित नीरज त्रिपाठी की विजय यह बताएगी की प्रयागराज की धरती पर पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी का व्यक्तित्व कितना विशाल है आज भी उनको चाहने वाले लाखों की संख्या में मौजूद है एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को में हृदय से आभार व्यक्त करता हूं । इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव नैनी मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा नीरज शर्मा सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुशवाहा चन्धारी पटेल रमेश पटेल राणा श्रीवास्तव बाबूजी यादव महेश वर्मा राम जी श्रीवास्तव ध्रुव तिवारी राजू शुक्ला पप्पू सिंह डॉक्टर सुभाष कुशवाहा कार्यकताओं ने पूरे बाजार में मिठाई बटकर खुशी का इजहार किया।

## न्यूज झरोखा

### फाफामऊ बाजार में चौड़ीकरण के विरोध में व्यापारियों ने दिया ज्ञापन



**फाफामऊ।** कुंभ मेला को लेकर फाफामऊ बाजार और सहसो रोड का चौड़ीकरण के विरोध में आक्रोशित व्यापारियों ने बुधवार को उत्तर प्रदेश कोअपरेटीव बैंक डारेक्टर उपेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर सहित अन्य अधिकारियों को ज्ञापन देकर जरूरत से अधिक सड़क न चौड़ीकरण करने की मांग किया है। फाफामऊ बाजार के व्यापारियों द्वारा अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में मांग किया है कि वर्ष 2019 में कुंभ मेला के अंतर्गत फाफामऊ बाजार और फाफामऊ चौराहे का बृहद रूप से चौड़ीकरण कर सुंदरीकरण किया गया था। व्यापारियों का आरोप है कि पुनः फाफामऊ बाजार और चौराहे को चौड़ीकरण किए जाने की जरूरत नहीं है। जिस तरह सड़क चौड़ीकरण का सर्वे कर दुकान और मकानों पर निशान लगाया गया है। ऐसे में यदि चौड़ीकरण किया जाता है तो सैकड़ों की संख्या में व्यापारी बेघर और बेरोजगार हो जायेगे। व्यापारियों के सामने रोजी रोटी तथा रहने का संकट उत्पन्न हो जाएगा तथा गंगापार में व्यापार के लिए मानेजाना वाला फाफामऊ बाजार पूरी तरह वीरान हो जाएगा। व्यापारियों ने चौड़ीकरण का विरोध कर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई जिस पर अधिशासी अभियंता प्रवीण कुमार राय से सकरात्मक वार्ता के बीच अश्वासन दिया गया ज्ञापन देने वाले में मुख्य रूप से आरडी वर्मा, पार्षदपति श्याम बाबू गुप्ता धीरेंद्र, केसरवानी, मनोज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, शशि अग्रवाल, दिनेश केसरवानी, संदीप चौरसिया, आकर्षक जायसवाल, सुहैल अहमद, धीरज अग्रवाल,अभिषेक जायसवाल, कमल केशरवानी,पिंटू अग्रवाल, राज सिंह, राजकुमार, बाबूलाल, राम आसरे, सहित भारी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने अल्प संख्यक मोर्चा का किया विस्तार




**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा बुधवार को अल्पसंख्यक मोर्चा का विस्तार करते हुए मोहम्मद शरीफ को शहर पश्चिमी विधानसभा का उपाध्यक्ष तथा शबाब खान को शहर उत्तरी का मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपा है।साथ ही शहर उत्तरी तथा दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र में कार्य समिति सदस्य भी मनोनीत किया है। कार्य समिति सदस्यों में जाहिद अंसारी शहर पश्चिमी, एनुल हक शहर पश्चिमी इसरार अहमद शहर उत्तरी मोहम्मद इम्तियाज शहर पश्चिमी, तौफीक अहमद शहर दक्षिणी, आसिफ चौहान शहर उत्तरी, लखविंदर सिंह शहर दक्षिणी,आफाक अहमद दक्षिणी, हैदर बक्स शहर उत्तरी , रीता सोठी २ँ१ उतरी , मोहम्मद अकरम पश्चिमी, बलबीर सिंह कोहली शहर उत्तरी, वसीम सनी पश्चिमी, हैदर रिजवी शहर उत्तरी को जिम्मेदारी सौंपा है। इन सभी लोगों को महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने जिम्मेदारी के साथ-साथ फूलमाला फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी ने भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा का आभार प्रकट करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करने तथा पार्टी नीतियों के तहत कार्य करने का आश्वासन भी दिया।

### फाफामऊ में नारी शक्ति सम्मान समारोह सम्पन्न महिलाओं को एकजुट करने का लिया निर्णय



**फाफामऊ।** नारी शक्ति महिला कल्याण समिति के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में समिति के द्वारा संस्था के पदाधिकारियों को सम्मानित कर प्रमाण पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को एक जुट करने व उनके अधिकारों के लिए लडाई लड़ने व उनका सहयोग करने की योजना पर कार्य करने की बात की गई। कार्यक्रम में समिति के उद्देश्य पर सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर फाफामऊ पार्षद निशा गुप्ता, मधु गुप्ता, दिव्यानी केशरवानी, कुसुम प्रजापति, निशा प्रजापति, मंजू प्रजापति, ऊर्वशी प्रजापति, उर्मिला केशरवानी समेत दर्जनों महिलाएं मौजूद रही।

# डाकघर में बेटियों का खुलेगा सुकन्या समृद्धि खाता : पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

**अखंड भारत संदेश**

**डाक विभाग की पहल : नवरात्र में 'समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज' के तहत**

**नवरात्र में बेटियों को उपहार में मात्र 250 से सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कराएं कन्या पूजन**

**प्रयागराज परिक्षेत्र में 3.12 लाख बालिकाओं के डाकघरों में खुले सुकन्या समृद्धि खाते**

**प्रयागराज।** नवरात्र का पर्व नारी-शक्ति की आराधना को समर्पित है। बेटियाँ और महिलाएँ सशक्त होंगी तो समाज भी सशक्त होगा। इसी क्रम में डाक विभाग ने 'समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज' एवं 'समृद्ध नारी-समृद्ध समाज' अभियान चलाया है। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर प्रयागराज रीजन के 7 जिलों - प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अमेठी, मीरजापुर, सोनभद्र में यह अभियान चलाया जायेगा। प्रयागराज परिक्षेत्र के डाकघरों में अब तक कुल 3.12 लाख बेटियों के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं, वहीं 77 गाँवों को 'संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम' के रूप में आच्छादित किया जा चुका है। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में 'महिला सम्मान बचत पत्र' और 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसी योजनायें अहम् भूमिका निभा रही हैं। ऐसे में नवरात्र के दौरान बेटियों का सुकन्या समृद्धि खाता और महिलाओं का 'महिला सम्मान बचत पत्र' खुलवाकर एक नई पहल की जा सकती है। यह उन्हें आर्थिक व सामाजिक दोनों रूप में सशक्त बनाएगा। आजादी के अमृत काल में महिलाओं के लिए आरम्भ 'महिला सम्मान बचत पत्र' को भी महिलाओं ने हाथों-हाथ लिया है। श्री यादव ने कहा कि 1 अप्रैल, 2023 से



आरंभ इस योजना में प्रयागराज परिक्षेत्र में साढ़े पाँच हजार से अधिक महिलाओं ने लगभग 48.92 करोड़ रुपए का निवेश किया है। वहीं 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' को मूर्त रूप देते हुए प्रयागराज परिक्षेत्र में अब तक कुल 3.12 लाख बेटियों के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें गत वित्तीय वर्ष में लगभग 30 हजार बेटियों ने सुकन्या खाते खुलवाए। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मात्र ?250 से 10 वर्ष तक की बेटियों का खाता डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसमें 8.2 % ब्याज है, जो कि किसी भी लघु बचत योजना से अधिक है। यह खाता बेटियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए एक वरदान की तरह है। आयकर की धारा 80 सी के तहत आयकर में डेढ़ लाख तक की छूट का भी प्रावधान इस खाते में है। पोस्टमास्टर जनरल श्री यादव ने कहा कि नवरात्र के दौरान परिवार की बेटियों का डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कन्या पूजन कर सकते हैं। यह कार्य नवरात्रि में किया जाए तो और भी पुण्य मिलेगा। नवरात्रि में कन्याओं का बहुत महत्व होता है। इस दौरान कन्याओं को पूजा के लिए घर पर आमंत्रित कर उपहार देने की भी परंपरा है। प्रयागराज मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर श्री अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए बालिका के आधार की प्रति और उसके माता या पिता के आधार कार्ड एवं पैन की प्रति तथा दो फोटो के साथ नजदीकी डाकघर में संपर्क किया जा सकता है।




### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत निकाली गई रैली

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाता जागरूकता (स्वीप) कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास, सी0पी0आई0 कैम्पस, प्रयागराज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रवण बाधित बच्चों के विशेष विद्यालय-उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, प्रयागराज एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 द्वारा संचालित राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास, प्रयागराज में निवासरत दिव्यांग छात्र एवं जनपद के अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में श्रवण बाधित एवं अस्थि बाधित छात्र/छात्राओं के अतिरिक्त उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, अनुपम परिहार प्रभारी अधिकारी स्वीप, डा0 के0एन0 मिश्र स्वीप आईकान/प्रधानाचार्य उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय, सन्देश मिश्र स्वीप आईकान, चन्द्रभान द्विवेदी समन्वयक बचपन डे केयर सेण्टर, लवलेश सिंह सदस्य लोकल लेबल कमेटी/जिला दिव्यांगता समिति, प्रयागराज एवं उत्तर प्रदेश मूक बधिर विद्यालय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, प्रयागराज में कार्यरत शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक कार्मिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों द्वारा दिव्यांग छात्र/छात्राओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में दिनांक 25 मई, 2024 को मतदान दिवस के दिन मतदान अवश्य करने की शपथ ग्रहण कराने के उपरान्त लोकतंत्र में मतदान के महत्व को समझाते हुए स्वयं एवं अपने परिवार/पडोसियों को मतदान अवश्य कराने हेतु प्रेरित किया गया। तत्पश्चात कार्यकम में उपस्थित दिव्यांग छात्र/छात्राओं एवं अधिकारियों द्वारा राजकीय दृष्टिबाधित छात्रावास, सी0पी0आई कैम्पस से हनुमान मन्दिर सिविल लाइन, प्रयागराज तक विभिन्न स्लोगन के साथ रैली निकाल कर जनसामान्य को मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

# एक भी इंटरनेशनल उड़ान नहीं, फिर भी 25 लाख यात्रियों की आवाजाही

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज एयरपोर्ट अब प्रदेश का तीसरा ऐसा एयरपोर्ट हो गया है जहां यात्रियों की आवाजाही ने 25 लाख का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके खाते में यह उपलब्धि वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले सप्ताह में ही आ गई है। खास बात यह है कि यहां से अब तक एक भी इंटरनेशनल फ्लाइट न होने के बावजूद प्रयागराज एयरपोर्ट की ओर से हासिल यह आकंडा बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।प्रदेश में लखनऊ और वाराणसी ही ऐसे एयरपोर्ट हैं, जो विमान एवं यात्रियों की संख्या में प्रयागराज से आगे हैं, लेकिन यह दोनों इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। इस लिहाज से प्रयागराज एयरपोर्ट सिर्फ घरेलू यात्रियों की उड़ान एवं आवाजाही के मामले में प्रदेश में नंबर एक पर है। बीते वर्ष जून में ही प्रयागराज एयरपोर्ट ने 20 लाख का आंकड़ा छुआ था। महज नौ माह में यहां यात्रियों के आवागमन की संख्या 25 लाख के आंकड़े को पार कर गई। बता दें कि वर्ष 2019 में लगे कुंभ मेले के पूर्व ही पीएम मोदी ने 16 दिसंबर 2018 को प्रयागराज एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था।



हालांकि यहां विमानों का आवागमन एक जनवरी 2019 से शुरू हुआ।महज 63 माह के सफर में यहां यात्रियों की आवाजाही का आंकड़ा 25 लाख को पार कर गया है। 31 मार्च 2024 तक 31425 विमानों का आवागमन हुआ। यात्रियों और विमानों की आवागमन संख्या में प्रयागराज सूबे का तीसरा बड़ा एयरपोर्ट है। मार्च 24 की बात करें तो एयरपोर्ट में 522 विमानों की आवाजाही हुई।

**प्रयागराज का फिलहाल देश के आठ शहरों से सीधा हवाई संपर्क :**

बीते वित्तीय वर्ष में रायपुर, इंदौर, पुणे, गोरखपुर, कोलकाता उड़ान बंद होने की वजह से वर्तमान समय में प्रयागराज एयरपोर्ट का आठ शहरों से ही सीधा हवाई संपर्क है। यहां से वर्तमान में इंडिगो द्वारा मुंबई, दिल्ली, बंगलुरू, भुवनेश्वर, भोपाल, लखनऊ, देहरादून जबकि एलाइंस एयर से बिलासपुर एवं दिल्ली उड़ान ही संचालित की जा रही है। अगले माह अकासा एयर की भी प्रयागराज में इंट्री होने जा रही है। अकासा की ओर से एक मई से बंगलुरू और दिल्ली एवं 20 मई से मुंबई की उड़ान शुरू की जाएगी।

**इस वर्ष के पहले तीन माह में 1.36 लाख ने भरी उड़ान :**

सर्दी के मौसम में खासतौर से जनवरी में 100 से ज्यादा विमान निरस्त होने के बावजूद इस वर्ष के शुरूआती तीन माह में यहां से 1.36 लाख यात्रियों ने हवाई सफर किया। इस अवधि में यहां 1408 विमानों का आवागमन भी हुआ। कार्यवाहक निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के बाद यहां यात्री क्षमता बढ़ जाएगी। ऐसे में नई हवाई सेवा शुरू होने से संख्या और तेजी से बढ़ेगी।

हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सफर कर रहा है। प्रयागराज एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद अब तक 25 लाख से ज्यादा यात्रियों की आवाजाही होना बड़ी उपलब्धि है। एयरपोर्ट का विस्तार हो रहा है। महाकुंभ तक यहां से कई और शहरों के लिए सीधी फ्लाइट शुरू हो जाएगी। **- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उ.प्र. सरकार**

## जसरा क्रॉसिंग का बार गिरने से वृद्ध हुआ घायल, रेफर

**जसरा।** जसरा रेलवे फाटक के गेट नंबर 424 का एक सिंगनल अचानक मोटर साइकिल सवार पर पीछे बैठे एक वृद्ध के सिर पर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास मौजूद लोगों ने तत्काल उसे सीएचसी जसरा ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया गया । मंगलवार को सुबह लगभग 10:00 बजे घूरपुर थाना क्षेत्र के कटरा उभारी गांव निवासी राम बहादुर उम्र 60 वर्ष पुत्र स्व०बैजनाथ मोटरसाइकिल से गौहनिया की तरफ जा रहा था। जैसे ही वह रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचा अचानक रेलवे क्रॉसिंग का फाटक उसके सिर पर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा में भर्ती करा दिया। डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में होने के कारण प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया है।

# युवाओं से मतदान करने की दिलाई गई शपथ, निकाली रैली

## एमडीपीजी कालेज के प्राचार्य मनोज मिश्र व डीआईओएस सरदार सिंह ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम सभी छात्रों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने छात्रों को मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़ कर अपनी सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, मो. अनीश, विंध्याचल सिंह एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ. शैलेश कुमार पाण्डेय, प्रो. अमिता मिश्रा, डॉ. रेखा मिश्र एवं डॉ. राजेंद्र कुमार मिश्र ने छात्रों को प्रेरित करने के उद्देश्य से अपने विचार प्रस्तुत कियें एवं स्वयं सेवकों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने बनो देश के भाग्यविधाता, अब प्यारे मतदाता। युवा हो तुम देश की शान, जागो करो उठो मतदान। चाँद पर चंद्रयान, धरती पर मतदान इत्यादि स्लोगनों के साथ एक मतदाता जागरूकता रैली मुनीश्वरदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ से स्टेशन रोड तक निकाला गया।



मतदाता जागरुकता रैली का शुभारंभ करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र व डीआईओएस।

### राजकीय अक्षम विद्यालय के छात्रों द्वारा निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत मतदान दिवस के दिन शत् प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय बढ़नी मोहनगंज के छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली में विभिन्न स्लोगनों जैसे लोकतंत्र में सभी समान-सब दिव्यांग करें मतदान, जब हम सब करते मतदान, बनता है तब गणतंत्र महान, दिव्यांग साथी आगे आये-मतदाता का फर्ज निभायें, स्वस्थ जनतंत्र की है पहचान-सबको शिक्षा और मतदान के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी राजीव कुमा सहित श्रीनारायण यादव, अमिता कुशवाहा, अनिरूद्ध नारायण तिवारी, हर्ष सिंह, संजय, शंकर लाल, कमर हुसैन व प्रयास राजकीय अक्षम विद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।



फायर ड्रिल का प्रदर्शन करते अग्निशमन अधिकारी।

## डाल्फिन पब्लिक स्कूल में फायर ड्रिल कराकर छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक

### अक्षत नर्सिंग होम में भी मॉक ड्रिल का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अग्नि सुरक्षा की दृष्टि से चलायी जा रही विभिन्न स्कीमों के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में डॉल्फिन पब्लिक स्कूल छीटपुर दिलीपपुर के स्टाफ व छात्र-छात्राओं तथा अक्षत नर्सिंग होम सिविल लाइन के समस्त कर्मचारियों को मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजू एवं प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी तथा लीडिंग फायरमैन राधेश्याम दूबे द्वारा अग्नि सुरक्षा विषय पर व्याख्यान एवं फायर ड्रिल/मॉक ड्रिल/निष्क्रमण योजना ड्रिल कराकर लोगों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एलपीजी गैस सिलेण्डर में आग लगाकर फायर एक्सटिंग्यूशर तथा अन्य प्रायोगिक विधियों से आग बुझाने का अभ्यास कराया गया तथा गर्मी में लगने वाली आग के कारणों और उससे बचाव के उपाय बताये गये। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य व स्टाफ तथा नर्सिंग होम के डाक्टर व स्टाफ एवं फायर सर्विस अन्य कर्मचारी चालक जगन्नाथ, फायरमैन अमित सिंह, सतीश पाल, विजय बहादुर यादव, अतुल पाण्डेय, अनुभव सिंह, आनन्द खरवार, महेन्द्र कुमार, अनन्त कुमार, मंजीत कुमार सम्मिलित हुये। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों द्वारा फायर सर्विस यूनिट की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# गेहूं की फसल में लगी आग दो किसानों की दो बीघा फसल जली

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणों के चलते गेहूं की फसल में आग लगने से दो बीघा गेहूं की फसल चलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत के बाद आग तो बुझा लिया पर तब तक दो किसानों की फसल जलकर राख हो चुकी थी। आसपुर देवरा थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी जगन्नाथ वर्मा व राज नारायण वर्मा का अगल-बगल खेत है। खेत में गेहूं की फसल पककर तैयार थी।

मंगलवार रात 11 बजे अचानक गेहूं के खेत में आग की लपटे उठने लगी। जब तक ग्रामीण आग बुझाते तब तक दोनों किसानों की एक-एक बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो चुकी थी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझली, नहीं तो कई और किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो सकती थी। बुधवार को ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह समेत तमाम लोग नुकसान का जायजा लेने के लिए पहुंचे हुए थे। ग्राम प्रधान ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## कार्यक्रम में शामिल होने गए व्यक्ति की बाइक चोरी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** निमंत्रण खाने गए व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने चैकी पर तहरीर दी है। हर्रई पट्टी गांव निवासी धर्म प्रकाश विद्यार्थी सैफाबाद बाजार निवासी प्रमोद सोनी के यहां मंगलवार शाम साढे सात बजे निमंत्रण खाने गए थे। इस दौरान उनकी बाइक चोरी हो गई। निमंत्रण खाकर जब वह लौटे तो देखा जहां उन्होंने बाइक खड़ी की थी वहां से बाइक नदारत थी। काफी देर तक इधर-उधर खोजबीन की। जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो वह सैफ़ाबाद चैकी में अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।


# कौशाम्बी लोकसभा से तीसरी बार प्रत्याशी बनाये गए विनोद सोनकर

### बुधवार को सूची जारी होते ही कार्यकर्ताओं में दिखी खुशी की लहर

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** बुधवार को जैसे ही भारतीय जनता पार्टी के द्वारा कौशांबी लोकसभा क्षेत्र से विनोद सोनकर को तीसरी बार प्रत्याशी बनाने की सूची जारी हुई। क्षेत्र में कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। बता दें कि पिछले एक महीने से कार्यकर्ता प्रत्याशी का इंतजार कर रहे थे आए दिन कोई ना कोई अफवाह उड़ाई जाती थी।

लंबे इंतजार के बाद नवरात्रि के दूसरे दिन बुधवार को केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा उत्तर प्रदेश से 7 प्रत्यशियों के नामों पर मोहर लगाई गई। जैसे ही सूची दोपहर 1 बजे आई। कार्यकर्ता एक दूसरे को बधाई देने के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा कराके बधाई देने लगें। उत्साही कार्यकर्ताओं ने गोला दगा कर अपनी खुशी का इजहार किया। वर्ष 2014 में पहली बार विनोद सोनकर कौशांबी लोकसभा से कमल खिलाएं। इसके बाद वह बराबर क्षेत्र का भ्रमण कर जन चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण करवाने का प्रयास करते रहे। 2019 में पुनः भाजपा ने उन्हें कौशांबी से प्रत्याशी बनाया। दूसरी बार भी कमल खिलाने में कामयाब रहे। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने तीसरी बार विनोद सोनकर के ऊपर भरोसा जताते हुए कौशांबी लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि पिछले दस वर्षो में क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया गया है। आज सांसद विनोद सोनकर के द्वारा कराए गए विकास कार्य दिखाई पड़ रहा है। क्षेत्र की जनता ऐतिहासिक मतों से इस बार सांसद को विजयी बनायेगी।



सांसद विनोद सोनकर।

### टिकट घोषित होने के बाद गुरुवार को आएंगे सांसद विनोद सोनकर

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशांबी लोकसभा से तीसरी बार टिकट मिलने के बाद कौशांबी सांसद विनोद सोनकर गुरुवार को पहली बार लखनऊ से चलकर जनपद प्रतापगढ़ की सीमा ब्रमहौली बॉर्डर पहुंच रहे हैं। सुबह साढे दस बजे कार्यकर्ताओं के द्वारा सांसद विनोद सोनकर का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वह मानिकपुर में मां ज्वाला देवी मंदिर पहुंचकर मां ज्वालामुखी का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद वह रोड शो के माध्यम से तिवारीपुर कुंडा होते हुए नईबाजार, पुरेधनऊ, करेंटी, बुलाकीपुर, मऊदारा, गोतनी के रास्ते कौशांबी क्षेत्र के कड़ा स्थिति मां शीतला का दर्शन पूजन करेंगे। उक्त जानकारी सांसद कौशांबी विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय ने दी है।

# अग्नि रक्षा के उपायों से कतराते प्रतिष्ठान लोगों के जीवन से कर रहे खेल

### विभाग भी कर रहा खाना पूर्ति, अगर होती है बड़ी घटना तो कौन होगा जिम्मेदार

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़,** गर्मी के महीने मे अगर सबसे बड़ा खतरा कोई रहता है तो वो है आग का क्युकी इन महीनों मे अगर कही आग ने अपना उग्र रूप दिखाया तो बड़ी आपदा से इंसान हो या सामान सब कुछ इसके चपेट मे आकर बर्बाद हो जाता है। हर कोई इसके भयावह स्वरूप को जानता है लेकिन कहीं न कहीं हम इसके बचाव के उपायों के साथ समझौता कर लेते है जिसका परिणाम लोगों को भुगतना पड़ता है।

सरकारी सिस्टम ने इससे निपटने की लिए पुरी व्यवस्था बनाई है और अग्नि शमन विभाग की स्थापना करके ये न सिर्फ मशीनरी तैनात कर रखी है बल्कि ये कानून भी बना रखा है की बिना इस विभाग से अनुमति या अनापत्ति प्रमाण पत्र के ऐसे व्यवसाय या प्रतिष्ठान नाही चलाये जाएंगे जहां मानव सम्पदा की आवाजाही है। उदाहरण के लिए अस्पताल, विद्यालय, माल, कोचिंग सेंटर, सिनेमा घर आदि के लिए ये नियम अनिवार्य कर रखा है की बिना फायर सर्विस के अनापत्ति प्रमाण लिए ऐसे संस्थान नही चलाये जाएंगे। बावजूद इसके ऐसे प्रतिष्ठानो की लम्बी फेहरिस्त है जो सरकार के दिशा निर्देशों के इतर काम कर रहे है। अब सोचने वाली बात ये है की जब उपाय ही नही अपनाये जाएंगे तो बचाव कैसे होगा और यदि इस तरह की कोई घटना घटती है तो उसकी जिम्मेवारी किसकी बनेगी। इस संवेदन शील विषय पर कुंडा तहसील और नगर पंचायत के कई व्यापारिक प्रतिष्ठानो की कुंडली खंगाली तो हकीकत चैकाने वाली मिली। कुंडा नगर मे महज आधा दर्जन अनापत्ति प्रमाण लिया गया जबकि दर्जनों की संख्या मे बड़े व्यापारिक प्रतिष्ठान चलाये जा रहे है। दर्जनों कोचिंग सेंटर भी चल रहे है जहाँ सैकड़ो की संख्या मे बच्चे पढ़ने आते है। मैरेज हाल की तो बात अलग है क्यो की प्रायः रसुखदार लोग ही मैरेज हाल बनवाते और चलाते है। अमूमन किसी भी शादी मे चार से पांच सौ लोग तो आते ही है लेकिन उनकी सुरक्षा के साथ हो रहा खिलवाड़ जहां अग्नि शमन विभाग को सवालों के घेरे मे खड़ा करता है वहीं उन व्यवसायिओं की नीयत पर भी प्रश्न चिन्ह लगाता है जो भरपुर पैसा लेने के बाद भी अपने आगंतुको की सुरक्षा के लिए लापरवाह बने बैठे है। कुंडा का फायर स्टेशन कस्बे से काफी दूर बना है बावजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं। इस सदर्भ मे जब कुंडा के फायर अफसर से बात की गयी तो उनका कहना है कि लोग निश्चित ही सुरक्षा उपायो के प्रति लापरवाह है लेकिन साहब ये भूल गये की उनकी क्या जिम्मेदारी बनती है। विभाग ने ऐसे कितने संस्थानों के प्रति कठोर कार्यवाई की है जो लोगों की जिंदगी को दांव पर लगाकर अपनी जेब भर रहे हैं। सबसे अहम है निजी अस्पताल जहाँ पूरे साल मरीज और उनके तिमारदार आते हैं। अब अगर उन अस्पतालों के साथ कोई घटना घाटे तो कैसे अपने मरीजों और उनके साथ आये लोगो को बचायेंगे ये सोचने वाली बात है। कुंडा तहसील क्षेत्र मे दर्जन भर बड़ी बाजार है जिनमे 4 नगर पंचायत भी गठित है। जहाँ हर बाजार मे दर्जनों की संख्या मे ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठान है जहां पूरे वर्ष लोगों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में अगर अग्निशमन विभाग अपनी जिम्मेदारियां से कन्नी काटता है तो निश्चित ही यह दुर्भाग्य का विषय जो। आखिर इन्हीं घटनाओं पर नियंत्रण के लिए अग्नि समान विभाग की स्थापना की गई है उसे भारी साजो सामान से लैस किया गया है। अगर ऐसे में विभाग का अधिकारी यह कहे की लोग अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं ले रहे हैं, तो यह विषय निश्चित ही गंभीर है और जिला प्रशासन को इस पर कठोरता से कार्यवाही करना चाहिए।

## युवती से दुष्कर्म के मामले में सीओ को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सपा नेता द्वारा कस्बे की एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद गर्भपात कराए जाने के दर्ज मुकदमे में सपा नेता की पत्नी की गिरफ्तारी न होने से नाराज अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने सीओ पट्टी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह उर्फ विमल सिंह ने मांग की है कि सपा नेता की पत्नी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की जाए। बहुत सारे ऐसे तत्व हैं जिन्हें विवेचना में शामिल नहीं किया गया है उन्हें विवेचक अपनी विवेचना में शामिल करें। इस तरह की मांगों को लेकर सीओ आनंद कुमार राय को एक ज्ञापन दिया गया। पुलिस क्षेत्राधिकार ने कार्यकर्ताओं को बताया कि आरोपी महिला के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी हुआ है। यदि उसकी गिरफ्तारी नहीं होती तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद कार्यकर्ता संतुष्ट होकर वापस लौटे। इस दौरान दिनेश सिंह, राकेश वर्मा, गिरजा शंकर वर्मा, रविंद्र त्रिपाठी समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कैद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एडीजे सुमित पवार ने दुष्कर्म के आरोपी को दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। बता दें कि कोंहडौर थाना क्षेत्र के शाहपुर बहुमरा गांव निवासी शिव कुमार उर्फ केदारनाथ ने 13 मार्च 2017 की रात को एक लड़की का अपहरण कर लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर घर आई और घटना की सूचना मां-बाप को बताया। रात होने के कारण इसकी सूचना पुलिस को दी गई। फिर धमकी दी गई कि अगर सूचना दी तो जान से मार दिया जाएग लेकिन दूसरे दिन प्रार्थना पत्र कोंहडौर थाने में दिया गया। जब पुलिस पहुंची तो आरोपी भाग खड़ा हुआ। राज्य की ओर से पैरवी अधिवक्ता काशीनाथ तिवारी ने की।

## रिटायर कर्मचारी की चड़ीगढ़ में मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के टेढिया शेख मोहम्मदपुर गांव निवासी बंशी लोधी पुत्र जगन्नाथ लोधी (68) वर्षीय की चंडीगढ़ मे मगलवार को अचानक तबियत खराब हो गई जिनको परिजन लोग अस्पताल ले गये जंहा उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई, जिनका शव बुधवार की सुबह टेढ़िया गांव पहुंचा शव देख परिजनों मे कोहराम मच गया बुधवार को नवाबगंज सोनामऊ गगातट किनारे अंतिम संस्कार किया गया जिसमे भारी संख्या मे ग्रामवासी लोग मौजूद रहे। मृतक बंशीलाल लोधी चंडीगढ़ मे एग्रीकल्चर विभाग से रिटायर होने के बाद अपने पत्नी बच्चो के साथ वही रहते थे।

## व्यवसायी के हत्या का खुलासा होने पर सीओ व प्रभारी निरीक्षक का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पिछले महीने हुए फर्नीचर कारोबारी की हत्याकांड का खुलासा करने पर बुधवार को व्यापार मंडल पट्टी के पदाधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी पट्टी आनंद कुमार राय व प्रभारी निरीक्षक पट्टी आलोक कुमार को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान कोतवाल आलोक कुमार ने व्यापारियों को अस्वस्थ किया कि यदि व्यापारी पुलिस का सहयोग करेंगे तो कोई भी अपराधी बच नहीं पाएगा। कोतवाली प्रभारी आलोक सिंह ने व्यापारियों को निर्भीक होकर व्यापार करने का भरोसा दिलाया। वही मौके पर पुलिस कर्मियों की सक्रियता का आभार व्यक्त करते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष रामजी उमरवैश्य ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारी की हत्या के बाद पुलिस कर्मियों से नाराज था। सभी दुकानें बंद थी। व्यापारियों की मांग को स्वीकार करते हुए बहुत ही कम समय में पुलिसकर्मियों ने तत्परता से व्यापारी की हत्या का खुलासा किया। हत्या में शामिल सभी दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जो प्रशंसनीय है। इस मौके पर महामंत्री घनश्याम मौर्य, बिंदु वर्मा किराना संघ अध्यक्ष, संरक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला, हरिकेश पांडेय, मतीन राइन, फूल चंद्र वर्मा, पवन खंडेलवाल, मोहम्मद नसीम जुग्गी लाल जायसवाल, राहुल वर्मा, संतोष पांडेय, रामू जायसवाल, निर्मल श्रीवास्तव, आदि लोग मौजूद रहे।



सीओ व प्रभारी निरीक्षक का सम्मान करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

## भाजपा व बसपा के कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का थामा दामन

### कांग्रेस में शामिल नेताओं का फूल-माला से हुआ स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में बीएसपी प्रयागराज मण्डल के पूर्व कोआर्डिनेटर सुशील कुमार सागर, सन्तोष गौतम सहोदारपुर पूर्व सेक्टर संयोजक, त्रिपुरारी गौतम एडवोकेट पूर्व सेक्टर प्रभारी, विनोद गौतम एडवोकेट पूर्व सेक्टर प्रभारी, एडवोकेट सुरेश कुमार सरोज, रवि प्रताप सिंह (लंबरदार), सतीश कुमार सरोज एडवोकेट, दिव्यांश मौर्य, शिवम पंकज, नितेश कुमार, बबलू, साहिल सहित दर्जनों लोग एवम पट्टी के भाजपा नेता एवम समाजसेवी प्रदीप तिवारी ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा छोड़ कांग्रेस में अपनी आस्था दिखाए और शामिल हुए।

कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी सम्मानित नेताओं को कांग्रेस की पट्टी, माला एवम टोपी पहनाकर कांग्रेस में शामिल कराया गया। उसके उपरांत एक महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा पूर्व प्रत्याशीगण, पी.सी. सी सदस्यगण एवम ब्लॉक अध्यक्षगण के साथ जिला कांग्रेस कार्यालय, इंदिरा भवन, अंबेडकर चैराहे पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी एवं संचालन कांग्रेस कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी ने किया। अध्यक्षता कर रहे नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ में कांग्रेस पार्टी, बीएसपी एवम बीजेपी से आए हुए नेताओ का स्वागत करती है, आपसभी के साथ मिलकर जनपद में कांग्रेस पार्टी को जिला, ब्लॉक, मण्डल, न्याय पंचायत एवम बूथ स्तर पर मजबूत करके इण्डिया गठबंधन 2024 के लोकसभा संयुक्त प्रत्याशी डॉ एस पी सिंह पटेल जी को भारी से भारी बहुमत से विजयी बनाने का सभी ने संकल्प लिया और कहा कि प्रतापगढ़ की सीट जीतकर राज्यसभा में डिप्टी लीडर सांसद प्रमोद तिवारी एवम सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना के हाथों को मजबूत करेंगे जिससे कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय राजनीति में प्रतापगढ़ का स्थान शीर्ष पर रहे।

बैठक में मुख्य रूप से डॉ.वी.के.सिंह, डॉ.प्रशान्त देव शुक्ला, विजय शंकर त्रिपाठी, रानीगंज के पूर्व प्रत्याशी मौलाना वाहिद, प्रेम शंकर दिवेदी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेंद्रा शुक्ला, विश्वनाथगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रशान्त सिंह, कुंडा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी योगेश यादव, दिलीप गौतम, मनीष सिंह, मोनू मिश्रा, सुभाष तिवारी, अशोक सिंह, विवेक पांडेय, सचिन सिंह, संतोष शर्मा, आशीष तिवारी, बैजनाथ यादव, चरण सिंह यादव, सूबेदार यादव, मो असलम, राधेश्याम दुबे, विश्वास सिंह, आदि उपस्थित रहे।



कांग्रेस में शामिल नेताओं का स्वागत करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 नीरज त्रिपाठी।

# 11 निर्मित 2 अर्ध निर्मित तमंचा के साथ तमंचा फैक्ट्री संचालक गिरफ्तार

## खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा, बंद धर्मकांटा के कमरे में चल रही अवैध तमंचा फैक्ट्री पर एसओजी और पुलिस के छापा मारने पर अपराधी ने की पुलिस टीम पर फायरिंग

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिले के महेवाघाट थाना क्षेत्र के भवनसुरी गांव में एक बंद पड़े धर्मकांटा के एक कमरे मे पिछले कुछ महीने से एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित होने की सूचना पर एसओजी टीम और थाना पुलिस ने छापामारी की पुलिस टीम को देखकर तमंचा फैक्ट्री संचालक ने फायरिंग शुरू कर दी जवाब में पुलिस टीम में भी फायरिंग की पुलिस की जवाबी फायरिंग में तमंचा फैक्ट्री संचालक को गोली लग गई पुलिस टीम ने उसे हिरासत में ले लिया है मौके से पुलिस ने 11 निर्मित दो अर्ध निर्मित तमंचा समेत कारतूस बरामद किया है तमंचा फैक्ट्री संचालक पर गौतस्करी, गैंगस्टर एक्ट का पूर्व से मुकदमा दर्ज है और यह तमंचा फैक्ट्री संचालक कौशांबी के अलावा अन्य जनपदों के थानों में भी कई मुकदमे में वांछित है तमंचा फैक्ट्री संचालक अंतर्जनपदीय आरोपी की गिरफ़्तारी पर 25 हजार का इनाम भी घोषित है। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि महेवाघाट थाना क्षेत्र के भवनसुरी गांव में एक बंद पड़े धर्मकांटा के एक कमरे मे पिछले कुछ महीने से एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलने की सूचना पर जिले की एसओजी और महेवाघाट थाना पुलिस ने छापा मारा तो आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।जवाबी फायरिंग कर पुलिस ने आरोपी समीर अहमद पुत्र सब्बीर अहमद निवासी गोविंद पुर गोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार कर लिया तमंचा फैक्ट्री संचालक गौतस्करी के मामले में चंदौली से वांछित है और गैंगस्टर एक्ट के तहत 25 हजार का इनामी भी है पुलिस टीम ने शस्त्र फैक्ट्री से 315,312,32 बोर की पिस्टल सहित 11 अवैध निर्मित असलहे और 2 अर्धनिर्मित असलहे,कारतूस और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किया है।एसपी ने बताया कि यह असलहे वह लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भी प्रयोग कर सकता था,इसके और साथियों के बारे में भी पुलिस को पता चला है,जल्द ही उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## आशुलिपिक, पेशकार एवं चपरासी के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** स्थायी लोक अदालत, कौशाम्बी में आशुलिपिक के एक पद, पेशकार के एक पद एवं चपरासी के लिए एक पद, कुल 03 पदों पर, जो कि जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के सेवा निवृत्त कर्मियों में से हों, उनको अधिकतम 02 वर्ष की अवधि के लिए एक निर्धारित मानदेय क्रमशः रू0-9000, 9000 एवं 7000 प्रतिमाह एवं अनुबन्ध के आधार पर नियुक्ति की जानी हैं।

यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवेश चन्द्र गुप्ता ने देते हुए बताया कि अभ्यर्थी की आयु 65 वर्ष से कम होनी चाहिए, आवेदक अभ्यर्थी का कोई भी आपराधिक इतिहास नहीं होना चाहिए एवं उनके विरूद्ध कोई अनैतिक आचरण का आरोप भी नहीं होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय कौशाम्बी के कार्यालय में दिनांक 24.04.2024 की सायं 05 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकतें हैं।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय के 6 कमरों का ताला तोड़कर चोर उठा ले गए सामान



**महगाव कौशाम्बी।** चायल तहसील के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के 6 कमरों का ताला तोड़कर चोर सरकारी स्कूल से साउंड बक्सा माइक घड़ी तथा वजन करने वाली मशीन सहित आंगनवाड़ी की दस कुर्सी बीती रात चोर उठा ले गए है बुधवार की सुबह जब प्रधान अधपिका स्कूल पहुँची तो देखा कि 6 कमरे के ताले टूटे हुए हैं और स्कूल का कई सामान गायब है इस स्कूल में तीन महीने पहले भी चोरी हो चुकी है पूर्व की घटना का भी अभी तक थाना पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है और अब फिर से दूसरी बार स्कूल में चोरी की घटना हो गई है स्कूल की प्रधानाधपिका ने मामले की सूचना थाना पुलिस सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी है।

## दलित युवक से मारपीट लूटपाट करने वाले आठ लोगों पर गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत बदनपुर रोड़ मूरतगंज मेला बाग निवासी अमरीश दिवाकर पुत्र कलेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने न्यायालय की शरण में जाकर अपने साथ हुए अत्याचार के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की और बताया कि घटना दिनांक 28 फरवरी की है जब अमरीश दिवाकर की माता के साथ पीआरडी में काम करने वाली मनोरमा देवी पत्नी हरिश्चंद से साठ हजार रुपए उधार लिया था और उधार पैसे वापस देने के लिए फोन करके अपने घर ग्राम रतगहा थाना चरवा बुलाया गया था। जब अमरीश उक्त के घर किसी तरह पूछते हुए रतगहा गांव पहुंचा तो 28 फरवरी शाम पहले से सुनियोजित षड्यंत्र के तहत मनोरमा देवी व उसका पति हरिश्चंद दो बेटियां अंशिका व दीक्षा साथ ही रतगहा के रहने वाले शिवसागर, सुमन, नरेश व सुभम यादव वहीं पर मौजूद थे। जैसे ही अमरीश पहुंचा उसे घर के अन्दर बुलाकर बैठाया और हरिश्चंद ने कहा जल्दी से दरवाजा अन्दर से ताला बंद करो और उसके बाद ललकारने पर शिव सागर यादव शुभम यादव ने अमरीश को जाति सूचक शब्द प्रयोग करते हुए कहा साले धोबी और गाली गलौज कर कहने लगें की साले बहुत नेतागिरी करते हो तुमको कायदे से तेरा पैसा वापस करने के लिए बुलाए हैं। आज तुम्हारा सारे रुपए हम लोग मिलकर चुका देंगे कहते हुए सभी अमरीश के ऊपर झपट पड़े और सब ने मिलकर लात घूसो डंडों व शिवसागर ने राइफल की बाट से अमरीश को मारा पीटा और हाथ पैर बांध कर बंधक बनाकर जमीन पर पटक दिया। अमरीश के गले में पहनी हुई सोने की चैन 17 ग्राम व 7 ग्राम सोने की अंगूठी व जेब में नगद रखे हुए तेरह जहर रुपए लूट लिया पूर्व योजना बाध्य तरीके से रहते हुए षड्यंत्र के तहत पुलिस को बुलवाकर मनोरमा देवी ने अपनी लड़की दीक्षा कुमारी से अमरीश दिवाकर पर छेड़खानी किए जाने की झूठी कहानी गढ़ कर राजनीतिक दबाव लगवा कर थाना चरवा में अमरीश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवा कर अमरीश का चालान करवा दिया मनोरमा देवी द्वारा कूटरचना करके अमरीश की माता के द्वारा दिए गए साठ हजार रूपए को हड़प कर लिया हरिश्चंद्र एक हिस्ट्रीशीटर है इसके ऊपर भी कई मुकदमे दर्ज है चरवा थाना में 28 फरवरी को घटना कारित करने वाले के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया किंतु उपरोक्त सभी विपक्षीगणों से पुलिस की मिली भगत सत्ताधारी राजनीतिक दबाव होने की वजह से पुलिस द्वारा अमरीश की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और ना ही उक्त लोगो के विरुद्ध कोई कार्रवाई की गई प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना किए जाने हेतु थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया।

## भाजपा से कौशांबी लोकसभा प्रत्याशी होंगे विनोद सोनकर

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव 2024 में कौशाम्बी लोकसभा सीट से भाजपा ने एक बार फिर सांसद विनोद सोनकर पर भरोसा जताया है भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कौशांबी से दो बार सांसद रहे विनोद सोनकर को कौशांबी का सांसद प्रत्याशी बनाए जाने की हार्दिक बधाई दी एवम शीर्ष नेतृत्व को आभार व्यक्त किया है। लोकसभा प्रत्याशी के रूप में विनोद सोनकर की घोषणा हो गई है जिले के पार्टी कार्यकताओं में उनके आने को लेकर उत्साह है बुधवार की दोपहर 2:30 बजे वह लहदरी से जिले में प्रवेश करेंगे जहां से वह मां शीतला धाम में दर्शन के साथ अपने कार्यक्रमों को शुरू करेंगे। मां शीतला दर्शन के बाद शीतल गेस्ट हाउस सायरा में पार्टी कार्यकताओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया है। इसके बाद सैनी, गुलामीपुर, कल्याणपुर, चाकवन, कोखराज, मूरतगंज, कोईलाहा, पुरामुफ्ती में भी कार्यकताओं के द्वारा अभिनंदन कार्यक्रम रखा गया है। सांसद विनोद सोनकर को पार्टी द्वारा टिकट मिलने से कार्यकताओं में खुशी है।

# शिया समुदाय के लोगों ने अदा की ईद उल फितर की नमाज

**अखंड भारत संदेश**


### इस वर्ष हिन्दुस्तान में दो दिन मनाई जाएगी ईद



**करारी कौशांबी।** करारी कस्बा व क्षेत्र में शिया समुदाय के लोगों ने बुधवार को मस्जिदों और ईद गाहों में नमाज अदा की और एक दूसरे से गले मिले लेकिन दो ईद होने के चलते किसी इलाके में खुशी तो कही लोगों ने रोजा रखा। बता दें की मंगलवार को शाम कारगिल में ईद का चांद देखा गया, चांद दो अलग अलग जगहों पर देखा गया जिसको दस लोगों के समूह के साथ देखा गया वही अयतुल्लाह सीस्तानी मरजा के वकील अहमद अली आबदी ने पूरे हिंदुस्तान में एलान करते हुए बाताया की मंगलवार को चांद देखा गया है लिहाजा बुधवार को ईद मनाई जाएगी। इसी एलान पर पूरे भारत में शिया समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की। करारी अयातुल्लाह सिस्तानी साहब के वकील अहमद अली आबदी के ऐलान के बाद हर शहर वह हर कस्बों में गांव में जश्न का माहौल हो गया इसी कड़ी में करारी कस्बा के सिया जमा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सैयद समीर हैदर रिजवी ने भी ऐलान कर दिया और मंझनपुर कस्बे के जामा मस्जिद के पेश इमाम, मौलाना कौसर अब्बास तो चायल शिया जामा मस्जिद के पेश इमाम, मौलाना सैयद जाहिद हुसैन ने ऐलान किया। अलग-अलग जगह पर अलग-अलग समय पर नमाज अदा की गई ईद उल फितर की नमाज अदा कर लोग एक दूसरे से गले मिले और अपने मुल्क के अमन चैन के लिए दोनों हाथ को बुलंद कर दुआएं मांगी गई।

## अस्पताल की महिला कर्मी के साथ वार्ड ब्वाय ने किया रेप

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर स्थित आदित्य हॉस्पिटल में एक युवती वर्कर के रूप में कार्य कर रही है रोजाना की भांति 9 अप्रैल 2024 दिन मंगलवार के भोर में काम कर अस्पताल के बने पांचवी मंजिल में अपने रूम पर युवती सो रही थी तभी अस्पताल का वार्ड ब्याय धर्मेंद्र कुमार दिवाकर पांचवी मंजिल में सो रही युवती के कमरे में पहुंचकर छेड़छाड़ करने लगा महिला ने जब जागकर देखा तो उसका हाथ पकड़ कर झटक दिया इतने में वार्ड ब्याय धर्मेंद्र कुमार युवती का मुंह दबाकर जबरन रेप करने लगा और कहा कि किसी से यदि कहोगे तो तुम्हें हॉस्पिटल से निकलवा दूंगा पीड़िता किसी तरह से आरोपी के चंगुल से छूटकर अपने घर आकर अपने परिजनों से घटना बताई परिजनों ने पुलिस चौकी को सूचना दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई पीड़िता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर न्याय की मांग की है पुलिस अधीक्षक ने तहरीर पाकर पिपरी थाना प्रभारी से फोन के जरिए बात कर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# हर वर्ष प्राइवेट स्कूलों द्वारा पाठ्यक्रम बदले जाने पर रोक लगाए जाने की जरूरत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** कई प्राइवेट स्कूलों ने इस बार भी अपने पाठ्यक्रम में फेरबदल कर दिया है जिसके कारण अभिभावक परेशान हैं। कमीशन की नियत से कुछ विषयों की किताबें बदल दी गई है, बाकी पुरानी ही रखी गई है। यदि पुराना पाठ्यक्रम होता तो मध्यम वर्ग के बच्चे पास पड़ोस के बच्चों से किताबें लेकर अपना काम चला सकते थे लेकिन अब बच्चे और उनके अभिभावक दोनों ही नया कोर्स खरीदने के संकट से जूझ रहे हैं।हर वर्ष प्राइवेट स्कूलों द्वारा पाठ्यक्रम बदले जाने पर रोक लगाए जाने की जरूरत है प्रत्येक वर्ष के शिक्षण सत्र में अलग-अलग पाठ्यक्रम से शिक्षा दिए जाने से देश के बच्चों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। गौरतलब है कि 4 वर्ष पहले शासन ने प्राइवेट स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी की थी। उसमें यह कहा गया था कि निजी स्कूल अपने पाठ्यक्रम में कोई भी परिवर्तन नहीं करेंगे। गत वर्ष के पाठ्यक्रम के आधार पर ही शिक्षण कार्य संचालित कराएंगे लेकिन यह आदेश हवा हवाई साबित हो गया है। अधिकतर प्राइवेट स्कूलों ने हाई कोर्ट के निर्देश के बाद भी कोरोना काल के प्रारंभिक तीन महीने की फीस नही माफ की थी। निजी शिक्षण संस्थानों में कानून और अदालत के आदेश का पालन 4 वर्ष बाद भी नहीं हो सका है जिससे शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है। शासन की गाइडलाइन को शिक्षण संस्थान के जिम्मेदार नहीं मानते। नए शैक्षिक सत्र में नर्सरी कक्षा से लेकर 12 वीं तक किताबों का पुराना कोर्स नहीं लागू किया गया है। नर्सरी से लेकर इंटर तक प्रत्येक कक्षा में विषयों की किताबें बदल दी गई है। इसका मकसद सिर्फ यह है कि अभिभावकों को महंगे दाम चुकाकर अपने बच्चों का नया कोर्स खरीदना पड़े। हर साल की तरह किताबों और ड्रेस पर बड़ा कमीशन भी मिल जाए।

> **प्रत्येक वर्ष के शिक्षण सत्र में अलग-अलग पाठ्यक्रम से शिक्षा दिए जाने से देश के बच्चों का बर्बाद हो रहा है भविष्य**
>
> **प्राइवेट स्कूल मालिकानों की बढ़ रही मनमानी अदालत के आदेश का नहीं हो रहा पालन**

### पुस्तक भंडार नहीं देते ठीक से जानकारी

स्कूलों द्वारा पाठयक्रम में बदलाव करने से अभिभावक परेशान हो जाते हैं। यदि अभिभावक किसी आस पड़ोस के बच्चें से पुरानी किताबें ले आते हैं, तो उन्हें पता भी नहीं चलता है कि स्कूलों में कौन सी किताबें बदली गई है। स्टेशनरी वाले भी दुकान न खोलकर डोर टू डोर डिलिवरी कर रहे हैं। अगर अभिभावक पुस्तक विक्रेताओं और विद्यालयों से कौन सी किताब बदली और कौन सी नहीं, का सवाल पूछते हैं, तो उन्हें ठीक ढंग से जानकारी भी नहीं देते क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे नुकसान हो जाएगा।

### प्रकाशक और दुकानदार के गठजोड़ से परेशान हो रहे अभिभावक

नए सत्र में तमाम प्रशासनिक आदेश के बावजूद अभिभावकों को स्टेशनरी की दुकानों से पूरा नया कोर्स की किताबें लेनी पड़ रही है। इसका कारण सिर्फ एक है वह यह है हर साल की तरह शिक्षा की आड़ में स्टेशनरी, प्रकाशन वाली कंपनियां और स्कूल प्रबंधन के बीच कमीशन का गठजोड़। अभिभावकों का कहना है न तो स्कूलों की ओर तीन महीने की फीस में छूट दी गई और ना ही किसी स्कूल प्रबंधन ने अन्य मदद की। ऊपर से कोर्स में बदलाव करके उनकी मुसीबत बढ़ा देते हैं। ज्यादातर अभिभावक महंगाई की मार से परेशान हैं। आर्थिक संकट में अपने बच्चों के लिए इतना महंगा नया कोर्स कैसे खरीदें।प्राइवेट स्कूल संचालकों को अभिभावकों की परेशानी को समझाना चाहिए। देश की आर्थिक मंदी ने सबकी कमर तोड़ दी है, ऐसे में उन्हें बच्चों के पाठ्यक्रम में बदलाव नहीं करना चाहिए था। अगर ऐसा नहीं होता तो मध्यम वर्ग परिवार के बच्चे पुरानी किताबों से काम चला सकते थे।

## न्यूज झरोखा

### पानी भरे गड्ढे में गिरने से बालक की मौत




**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में शौच के लिए गया हुआ एक किशोर पानी भरे हुए गड्ढे में पैर फिसलने से गिरा गया और किशोर की डूबकर मौत हो गई,किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के पिंडरा सहवानपुर गांव के जयकरण का बेटा अंकुश उम्र 13 वर्ष बुधवार को 10 बजे दिन में शौच के लिए खेत की तरफ गया था,वही पर बच्चा लाल ने सरकारी जमीन पर विरोध के बावजूद एक गड्ढा बनवाकर उसमे पानी भरवा दिया था,उस गड्ढे में किशोर अंकुश का शव मिला है। परिजनो को जैसे ही सूचना मिली परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहा डॉक्टर ने किशोर को मृत घोषित कर दिया है।मामले के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है।

### राला में शिया समुदाय के लोगों ने ईद उल फितर की नमाज अदा किया, इस वर्ष हिन्दुस्तान में दो दिन मनाई जाएगी ईद



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज क्षेत्र में राला ग्राम सभा मे शिया समुदाय के लोगों ने बुधवार को मस्जिदों और ईद गाहों में नमाज अदा की और एक दूसरे से गले मिले लेकिन दो दिन ईद होने के चलते मंगलवार को शाम केरला में ईद का चांद देखा गया, दस लोगों के समूह के साथ देखा गया वही मुस्लिम धर्म गुरु मौलाना हैदर अब्बास रिजवी,शब्बर रिजवी,आल इंडिया शिया मुस्लिम महा सभा मोहम्मद अख्तर,मो आबिद रिजवी,मोहम्मद कैसर,मो मेहंदी सबी,आदि शिया समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज पढ़ी उसके बाद देश की सलामती के लिए सभी ने दुआ मांगी मौके पर एसओ कोखराज ने अपने समस्त स्टाप के साथ सभी नमाजियों को अपने साथियों के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं दी और शान्ति ब्यावस्था बनाये रखने की अपील किया और भाईचारा के साथ सेवई की मिठास का आनन्द उठाए।

### ईद की नमाज के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक समेत सीओ और थानेदार रहे भ्रमणशील



**कौशाम्बी।** जनपद में शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं ईद की नमाज के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव भारी पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण पर रहे चप्पे चप्पे पर वह लगातार नजर बनाए हुए थे एसपी कौशाम्बी के निर्देश पर समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहे। पुलिस चौकी इंचार्ज भी पुलिस बल के साथ लगातार अपने क्षेत्र में भ्रमण पर रहे जनपद में सिया समुदाय के लोगों द्वारा ईद की नमाज सकुशल अदा की गयी एवं एक दूसरे को मुबारक बाद दी गयी। पिपरी थाना पुलिस बल द्वारा पैरा मिलिट्री फोर्स के साथ ईद के नमाज की दृष्टिगत लगातार क्षेत्र में भ्रमण किया गया और ईद की नमाज को सकुशल संपन्न कराया गया एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गई इसी तरह मोहब्बत पुर पैसा थाना पुलिस बल द्वारा मणिपुर स्टेट आमर्ड पुलिस के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमण किया गया ईद की नमाज को सकुशल संपन्न कराया गया एवं थाना क्षेत्र अंतर्गत एरिया डोमिनेशन किया गया।

# कापी किताब जूता मोजा ड्रेस बेल्ट टाई आदि का स्कूलों में हुआ चार सौ करोड़ से अधिक का व्यापार

**अखंड भारत संदेश**

> **सीबीएसई बोर्ड एवं यूपी बोर्ड के मालिकानों द्वारा प्रत्येक वर्ष किए जा रहे ब्यापार में 18 प्रतिशत की हो रही जीएसटी चोरी**



**कौशांबी।** आसमान छूती महंगाई को देखते हुए मौजूदा समय में बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों के लिए आसान नही है। हर माता - पिता का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छी स्कूल में पढ़े और अच्छी शिक्षा ग्रहण कर भविष्य में नाम रोशन करे। अच्छी शिक्षा ग्रहण कराने के नाम पर प्राइवेट सीबीएसई बोर्ड नर्सरी स्कूल के संचालक अभिभावकों से विभिन्न प्रकार के अतिरिक्त शुल्क वसूल रहे हैं। स्कूल संचालक बच्चों के अभिभावकों से गर्मी की छुट्टियों की फीस भी वसूल करते हैं। प्राइवेट स्कूलों और सरकारी स्कूलों पर सरकार अंकुश विहीन हो गई है। सरकार अंकुश विहीन होने के चलते प्राइवेट स्कूल संचालक मनमानी पर उतारू हो गए हैं। सरकारी स्कूलों में अच्छी पढ़ाई ना होने के कारण अधिकतर अभिभावक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेज रहे हैं इसका भरपूर फायदा अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूल संचालक अधिक उठा रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों में अच्छी पढ़ाई के नाम पर अभिभावकों को जमकर लूटा जा रहा है। एक समय ऐसा भी था कि मध्यम वर्ग के बच्चे सेकेंड हैंड किताब से काम चला लेते थे लेकिन अब ऐसा बिल्कुल भी नही है क्योंकि प्राइवेट स्कूल संचालक कमाई के चक्कर में हर साल किताब बदल देते हैं जिससे हर साल अभिभावकों को बच्चों के लिए नई किताब खरीदना पड़ता है। यूपी बोर्ड एवं सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों के अंदर स्कूल संचालक लाइब्रेरी खोलकर बैठे हुए हैं जहां पर महंगे दामों में कापी - कितब बेचकर अच्छा खासा मुनाफा कमा रहे हैं। किताब - कापी के साथ - साथ ड्रेस, जूता, मोज, टाई एवं बेल्ट भी इन्ही स्कूलों के अंदर बेचा जाता है। प्राइवेट स्कूलों के संचालक ने शिक्षा के नाम पर अंदर ही अंदर बहुत बड़ा व्यवसाय खड़ा कर दिए हैं। स्कूल के आड़ में व्यापार कर प्राइवेट स्कूल संचालक जीएसटी की चोरी भी करते हैं। ड्रेस, जूता, मोजा, किताब, कॉपी बेल्ट बेचने के मामले में प्राइवेट स्कूल संचालकों के पास जीएसटी का रजिस्ट्रेशन नहीं है। स्कूल के आड़ में प्राइवेट स्कूल संचालक जमकर जीएसटी की चोरी करते हैं लेकिन उसके बाद भी जीएसटी अफसर स्कूल में छापामारी नहीं करते हैं। आंकड़ों पर जाएं तो जिले भर में 400 करोड़ से अधिक कापी, किताब, जूता, मोजा, ड्रेस, बेल्ट एवं टाई आदि का व्यापार सीबीएसई बोर्ड एवं यूपी बोर्ड के मालिकानों द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है जिसमें 18 प्रतिशत की जीएसटी चोरी स्कूल संचालक कर रहे हैं। शिक्षा के आड़ में चार सौ करोड़ से अधिक का व्यापार सीबीएसई बोर्ड एवं यूपी बोर्ड के स्कूल संचालकों द्वारा प्रत्येक वर्ष करने के बाद 18 प्रतिशत जीएसटी की चोरी खुले आम किए जाने के बाद अफसरो द्वारा गंभीरता से कार्रवाई न किए जाने पर सवाल खड़े हो रहे हैं विद्यालय के अंदर व्यवसाय किए जाने के मामले में अभी तक एक भी विद्यालय की जांच करने के बाद कार्यवाही नहीं की गई है स्कूल संचालकों द्वारा करोड़ों रुपए जीएसटी टैक्स चोरी के मामले में भी जीएसटी अफसर से लेकर अपर जिला अधिकारी तक गंभीर नहीं है। सीबीएसई बोर्ड के स्कूलों द्वारा स्कूल के अंदर चलाए जा रहे बड़े व्यापार के मामले को यदि शासन प्रशासन ने गंभीरता से लिया तो बड़े पैमाने पर जीएसटी चोरी का खुलासा होना तय है।

## एसपी के निर्देश पर पूरे जिले में चला वाहन चेकिंग अभियान



**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में पूरे जिले में वाहन चेकिंग अभियान चला है वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को कड़े हिदायत दी है कि वह यातायात नियमों का पालन करें और गलत तरीके से वाहन ना चलाएं चेकिंग के दौरान पुलिस ने कहा कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर लगाए यातायात को सुरक्षित बनाएं यातायात पुलिस एवं समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रांतर्गत सघन वाहन चेकिंग किया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो के विरुद्ध यातायात नियमों के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की गई पूरे जिले में वाहन चेकिंग किए जाने से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## संपादक की कलम से

# मणिपुर पर प्रधानमंत्री का बड़ा दावा

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बड़ा बयान दिया है। प्रधानमंत्री का दावा है कि केंद्र सरकार के समय रहते दखल देने और राज्य सरकार की कोशिशों के कारण मणिपुर के हालात में सुधार आया है। द असम ट्रिब्यून नाम के अखबार को दिए एक साक्षात्कार में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि -हमारा मानना है कि हालात से संवेदनशीलता के साथ निपटना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मैंने इस बारे में संसद में पहले भी कहा है। हमने अपने सबसे अच्छे संसाधनों, प्रशासन को इस संघर्ष को सुलझाने में लगाया हुआ है। श्री मोदी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में तब रुके, जब संघर्ष अपने चरम पर था। इस संघर्ष से जुड़े पक्षों के साथ शाह ने 15 से ज्यादा बैठक की। राज्य सरकार को जो भी मदद चाहिए होती है, केंद्र सरकार मुहैया करवाती है।

गौरतलब है कि मणिपुर में हिंसा और अशांति का एक लंबा दौर चला है। मणिपुर हाई कोर्ट ने 27 मार्च 2023 को अपने एक आदेश में राज्य सरकार से मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने की बात पर शीघ्रता से विचार करने को कहा था। इसके बाद मई 2023 की शुरूआत में मैतेई और कुकी लोगों के बीच हिंसक झड़पों की शुरूआत हुई, जो बढ़ते-बढ़ते पूरे राज्य में फैल गई। इस हिंसा में घोषित तौर पर अब तक करीब 200 लोगों की जान जा चुकी है। हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर बाहर रहना पड़ रहा है। लगभग साल भर की अशांति के बाद फरवरी 2024 में मणिपुर हाई कोर्ट ने पिछले आदेश से उस अंश को हटा दिया है जिसमें मैतेई समुदाय के लिए अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की सिफारिश का जिक्र था। लेकिन इसके बाद भी मणिपुर में हालात अब तक सामान्य नहीं हुए हैं। आलम ऐसा है कि हजारों मतदाता अब भी राहत शिविरों में हैं और चुनाव आयोग को वहीं से उनके मतदान का इंतजाम करना पड़ रहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दो बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत भी मणिपुर से ही हुई, ताकि इस राज्य की ओर शेष भारत का ध्यान खींचा जा सके और यहां हालात सामान्य करने का दबाव राज्य और केंद्र सरकार पर बनाया जा सके। यह हैरत की बात है कि राहुल गांधी ने हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा किया, उनके अलावा कई और विपक्ष के नेता मणिपुर चले गए, कई पत्रकारों ने मणिपुर जाकर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए। बल्कि नवंबर-दिसंबर में जब पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए, तो मणिपुर के पड़ोसी राज्य मिजोरम में प्रचार के लिए श्री मोदी नहीं गए, क्योंकि फिर उन पर मणिपुर जाने का दबाव भी बढ़ जाता। देश में कई बार प्रधानमंत्री मोदी से सवाल किए गए कि वे सारे देश में घूम सकते हैं, विदेश जाने के लिए वक्त निकाल सकते हैं तो एक बार भी मणिपुर क्यों नहीं गए।

प्रधानमंत्री से यह सवाल भी किया गया कि पूर्वोत्तर के इस राज्य में भाजपा की सरकार है, तो वहां के मुख्यमंत्री वीरेन सिंह से अब तक त्यागपत्र क्यों नहीं लिया गया। लेकिन इनमें से किसी सवाल का जवाब श्री मोदी ने नहीं दिया। और अब चुनावों के पहले वे मणिपुर का जिक्र कर भी रहे हैं, तो उसमें यह दावा कर रहे हैं कि मणिपुर में समय रहते केंद्र सरकार के दखल के कारण स्थितियां सुधरी हैं। जबकि संसद के 2023 के मानसून सत्र में विपक्ष के सांसदों ने जब मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, तब जाकर खूब मिनटों का बयान मणिपुर पर प्रधानमंत्री ने दिया था। उसी दौरान मणिपुर में दो कुकी महिलाओं का वस्त्रहरण करके उनकी परेड करवाने का एक वीडियो भी सामने आया था, जिस पर विपक्ष ने गंभीर सवाल उठाए थे, और मजबूरन प्रधानमंत्री को बयान देना पड़ा था। अब एक तरफ नरेन्द्र मोदी दावा कर रहे हैं उनकी सरकार ने समय रहते हालात संभाले और वहीं मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने अभी कहा है कि दो कुकी महिलाओं के यौन उत्पीड़न और उनकी परेड करवाने का वीडियो विपक्ष ने वायरल किया था ताकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार को बदनाम किया जा सके। बीरेन सिंह ने दावा किया कि इस वीडियो के वायरल होने के कारण ये बात पूरी तरह नजरअंदाज कर दी गई कि उन महिलाओं को मैतेई समुदाय की कुछ महिलाओं और युवाओं ने बचाया था।

बड़े दुख की बात है कि एक राज्य में फैली अशांति को केंद्र और राज्य की सत्तारुढ़ सरकारें राजनीति का विषय बना रही हैं, जबकि मणिपुर की जनता को इस वक्त हर तरह से सहारे और संवेदनशीलता की जरूरत है। विपक्ष अगर वहां की समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान दिला रहा है तो यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह उन्हें गंभीरता से सुने, न कि इसे विपक्ष की शिकायत के तौर पर ले। वहीं अगर यौन उत्पीड़न का शिकार महिलाओं की मदद दूसरे समुदाय के लोगों ने की तो यह बात सराहनीय है, लेकिन इसमें सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो सकती कि उन महिलाओं के साथ ऐसा दुव्र्यवहार हो सके, ऐसी नौबत ही क्यों आई।

मणिपुर में अभी स्थिति संभालने का श्रेय अगर प्रधानमंत्री ले रहे हैं, तो उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि इस मामले की गूंज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी उठी। यूरोपीय संघ से लेकर अमेरिका तक कई जगह मणिपुर में हुए अत्याचारों की निंदा की गई। इस वक्त भी मणिपुर में हालात पूरी तरह से संभले नहीं हैं। हजारों लोग अगर अब भी विस्थापित हैं, तो फिर केंद्र सरकार खुद की पीठ कैसे थपथपा सकती है।

# गर्मी में किस टाइम पीना चाहिए नारियल पानी? ध्यान रखें ये बातें

गर्मी के सीजन में कुछ चीजों को खाने का अलग ही मजा होता है. कोई आम का दीवाना होता है तो कोई तरबूज का स्वाद चखना पसंद करता है. गर्मियों के दौरान शरीर को हाइड्रेट रखना जरूरी है और इसके लिए ऐसी चीजों को खाने या पीने की सलाह दी जाती है जिनमें हाइड्रेटिंग गुण हों. इनमें से एक है नारियल पानी जिसका स्वाद भी बेहतरीन होता है. माना जाता है कि अगर आप एक नारियल का पानी पी लें तो शरीर में पूरे दिन पानी की कमी महसूस नहीं होती है. नारियल पानी में कैल्शियम, मैंगनीज समेत कई दूसरे पोषक तत्व होते हैं. गर्मी में इसे पीने से बॉडी लंबे समय तक हाइड्रेट रहती है. लोग भले ही एनर्जी के लिए कितने ही ड्रिंक पी लें लेकिन कोकोनट वाटर के जितना रिफ्रेशिंग और एनर्जी देना वाली ड्रिंक शायद ही कोई है.

ये इलेक्ट्रोलाइट का बढ़िया स्रोत है. वैसे अधिकतर लोग इसे पीते समय कई गलतियां दोहराते हैं. कई तो ये भी नहीं जानते हैं कि इसे पीने का सही समय क्या है. अब सवाल है कि आखिर गर्मियों में कब या किस टाइम कोकोनट वाटर को पीना चाहिए. जानिए..

**नारियल पानी के पोषक तत्व**

नारियल पानी पोटेशियम का बढ़िया सोर्स होता है. इसके अलावा इसमें विटामिन सी, जिंक, मैग्नीशियम और दूसरे कई पोषक तत्व होते हैं. इसकी सबसे बड़ी खासियत है कि इसे पीने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है. दरअसल इसके जरिए इलेक्ट्रोलाइट बैलेंस सही रहता है. गर्मियों में डिहाइड्रेशन का खतरा बना रहता है इसलिए नारियल पानी और खीरे जैसी चीजों का सेवन करने की सलाह दी जाती है. हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक नारियल पानी तुरंत शरीर को इलेक्ट्रोलाइट्स पहुंचाने का काम करता है. इसके अलावा इससे ब्लड शुगर को कंट्रोल रखने में भी मदद मिलती है.

**कब पिएं नारियल पानी?**

लोगों में ये सवाल बना रहता है कि नारियल पानी को किस टाइम पीना चाहिए. कुछ लोग इसे खाली पेट पीना फायदेमंद मानते हैं तो कुछ दोपहर के समय. जयपुर की डायटिशियन सुरभि पारिक कहती हैं कि इसे पीने का बेस्ट टाइम मॉर्निंग में है. इसे हैवी मील के साथ या इसके बाद नहीं पीना चाहिए. एक्सपर्ट सुरभि पारीक कहती हैं कि जिन लोगों को एसिड रिफ्लक्स यानी एसिडिटी या सीने में जलन की समस्या हो उन्हें नारियल पानी को खाली पेट पीना चाहिए. वैसे इस हेल्दी ड्रिंक को खाली पेट पीने के और भी कई फायदे हैं.

सुबह-सुबह इसे पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है जिसका बेनिफिट वेट लॉस में मिलता है. पेट अगर स्वस्थ है तो शरीर कई बीमारी या हेल्थ प्रॉब्लम्स से बच पाता है. आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह पर इसे दोपहर के समय भी पी सकते हैं. वैसे इसे शाम को पीना चाहिए या नहीं इस पर कंफ्यूजन लगातार बनी रहती है.

**किन्हें नहीं पीना चाहिए नारियल पानी**

आईएमडी भी कह चुका है कि आने वाले समय में हीटवेव का खतरा लोगों को बहुत सताएगा. ऐसे में नारियल पानी जैसी चीजों का सेवन करना बहुत जरूरी है. पर जो लोग किडनी से जुड़ी हेल्थ प्रॉब्लम्स का शिकार हैं उन्हें नारियल पानी नहीं पीना चाहिए. दरअसल इसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है और शरीर में इसकी अधिकता के कारण किडनी में ये जमा होने लगता है. ऐसे में किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ता है.

# सियासत में -'सबसे कठिन जाति अपमाना'

**@ राकेश अचल**
**achalrakesh1959@gmail.com**





भारत में आज से 9 दिन तक शक्ति की उपासना का पर्व शुरू हो गया है लेकिन दुर्भाग्य कि लोग इन नौ दिनों में भी सत्ता की उपासना में डूबे हैं। अगर सच्चे सनातनी होते तो इन नौ दिनों में चुनावी रैलियां और रोड शो छोड़कर देवी की पूजा-अर्चना करते। एक-दूसरे को गरियाते, आँखें दिखाते या कोसते हुए नजर न आते। सबसे बड़ी बात तो ये है कि सत्ता की उपासना में लगे लोग अब सत्ता हासिल करने के लिए जनता का जातिगत अपमान करने पर उतर आये हैं। गुजरात के भाजपा नेता पुरुषोत्तम रूपला का क्षत्रियों को लेकर दिया गया बयान इसका ताजा उदाहरण है। नवदुर्गा में, मै भी सियासत से दूर रहना चाहता था, किन्तु देवी ने स्वप्न में आकर कहा -जैसा देश के भागय विधाता कर रहे हैं उसे देखते हुए सियासत से तुम्हारा दूर रहना उचित नहीं। इसलिए मुझे झुकना पड़ा। आपको बता दूँ कि मै भले ही मंदिर-मस्जिद से तनिक दूरी बनाकर रखता हूँ किन्तु घर में पूजा-पाठ मेरे भी जीवन का नियमित अंग है। मै या मेरे जैसे असंख्य लोग हैं जो आज भी पूजा-पाठ में कैमरे का इस्तेमाल नहीं करते। बहरहाल बात जातिगत अपमान की हो रही थी। सियासत में ये एक बहुत बुरा चलन शुरू हो गया है। इस बुरे चलन का श्रीगणेश भी सत्तारूढ़ दल ने ही अपने गृहराज्य गुजरात से किया है। भाजपा नेता और मोदी जी की केबिनेट में मछली मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपला ने सूबे के क्षत्रियों के बारे में न जाने क्या-क्या सही-गलत बोल दिया। अब सूबे की क्षत्राणियां भाजपा दफ्तर के बाहर जौहर करने के लिए उतावली हैं। पुलिस ने उन्हें बामुश्किल मनाया। रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा है कि- जद्यपि जग दारुण दुःख नाना, सबसे कठिन जाति अपमाना ' जाहिर है कि भारत में जाति व्यवस्था एक सच्चाई है और जातिगत अपमान को भी उतनी ही गंभीरता से लिया जाता है, जितना कि जातिगत सम्मान को। देश की राजनीति जातियों के आधार पर ही फैसले करती है। भाजपा के केंद्रीय मंत्री श्री पुरुषोत्तम रूपला ने भी शायद इसी आधार पर क्षत्रियों को अपमानित करने का काम किया है। क्षत्रिय चाहते है कि भाजपा बड़बोले रूपला को चुनाव मैदान से हटाए, किन्तु भाजपा किसी की भी नहीं सुनती, क्षत्रिय तो हैं किस खेत की मूली ? भाजपा रूपला को मैदान से नहीं हटा रही। 'प्राण जाएँ, पर वचन न जाएँ' आपको याद होगा कि कांग्रेस के हीरो राहुल गांधी भी जातिगत अपमान के एक आभासी मामले में सजाएं पा चुके है। संसद की सदस्यता भी छीन ली गयी थी उनसे। वो तो देश कि सबसे बड़ी अदालत ने उन्हें बचा लिया। राहुल ने तो किसी जाति का अपमान भी नहीं किया था। उन्होंने तो केवल देश को चूना लगाने वाले मोदियों की श्रृंखला और पंत प्रधान के मोदी होने के संयोग का जिक्र भर किया था। रूपला जी तो राहुल गाँधी से दो किलोमीटर आगे निकल गए। उन्होंने क्षत्रियों को गुजरात की रूखी जाति से भी गया-बीता बता दिय। कह दिया कि क्षत्रिय तो कायर थे, उन्होंने मुगलों से रोटी-बेटी के रिश्ते बना लिए थे।

भाजपा देश और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उसके लिए किसी को सम्मानित करने और अपमानित करने का एक मतलब होता है। गुजरात के क्षत्रिय ही नहीं बिहार के बाम्हन भी अश्विनी चौबे का टिकट काटने से अपने आपको शायद अपमानित महसूस कर रहे हैं। लेकिन मानना पडेगा कि चौबे जी पक्के राष्ट्रवादी हैं, इसलिए जातिगत अपमान का घूँट भी रूह आफजा शर्बत की तरह पी गए। लेकिन सब तो अश्विनी चौबे होते नहीं। तमाम लोग ऐसे हैं कि अपमान की रूह आफजा का एक घूँट भी हलक से नीचे न उतारें ! जातिगत अपमान का घूँट गले से नीचे आसानी से उतरता नहीं है। मध्यप्रदेश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के भांजे और पूर्व सांसद अनूप मिश्रा भी अश्विनी चौबे की तरह अपमान का घूँट पिए बैठे है। सबका जी मतला रहा है। लेकिन करें तो क्या करें ? बाम्हन क्षत्रियों कि तरह न एकजुट हैं और न उनकी पत्नियों को जौहर करना आता है।

जातिगत अपमान की घटनाएं केवल भाजपा में ही नहीं कमोवेश सभी राजनीतिक दलों में होती है। कांग्रेस में भी खूब होती हैं। अब बिहार में ही देख लीजिये। पप्पू यादव इसका उदाहरण है। कांग्रेसी उन्हें अपना नहीं मानते जबकि वे सीना ठोंक कर कह रहे हैं कि वे पक्के कांग्रेसी हैं। पप्पू की अपनी जाति है। हरेक दल में पप्पू यादव होते है। कांग्रेस में 34 फीसदी हैं तो भाजपा में 36 फीसदी। बिना पप्पुओं के किसी भी दल की राजनीति चलती ही नहीं । ये पप्पू किसी न किसी आपराधिक मामले में उलझे हुए होते हैं। ये राहुल जैसे पप्पू नहीं हैं। ये बाहुबली पप्पू हैं। जो मौका आने पर किसी को भी पटखनी दे सकते हैं और पटखनी खा सकते हैं। गुजरात से सुलगी आग अब राजस्थान ,हिलाचल और न जाने कहाँ-कहाँ तक फैलती दिखाई दे रही है। आग के अनेक रूप है। आग जंगल की भी होती है और पानी की भी । किसी को दावानल कहते हैं तो किसी को बड़वानल। आग को पानी बुझाता है लेकिन जब पानी ही आग लगाता हो तो उसे कौन बुझा सकता है ? ये सवाल नया नहीं है। भाजपा की सोने की लंका में जगह-जगह चिंगारियां उठती दिखाई दे रहीं है। जिस राजपूताने को भाजपा ने हाल के विधानसभा चुनावों में फतह किया था उसी राजस्थान में कस्वां और भाटी अब फूंकने पर आमादा है। चूरू से उठी आग भी जातीय अपमान की वजह से फैली है। मै चाहता हूँ कि भाजपा इस आग में झुलसने से किसी भी तरह बच जाये ताकि उसका चार सौ पार का सपना पूरा हो जाये। लेकिन भाजपा वाले भी राज हठ पालकर बैठ जाते है। सबसे पहले यूपी वाले टैनी को लेकर भाजपा ने हठ दिखाई ,फिर बृजभूषण को लेकर भाजपा ने अपना हठीलापन सार्वजनिक कर महिला जाति का सार्वजनिक अपमान किया और अब रूपला को लेकर भाजपा अड़ी हुई है । उसे देश के राजपूतों की चिंता नहीं है। भाजपा का स्वाभिमान किसी का भी जातीय अपमान करने का हौसला रखता है। भाजपा किसानों का अपमान कर चुकी । युवाओं का कर चुकी । सैनिकों से पार्टी का काम कराकर सैनिकों का अपमान कर चुकी। मीडिया का अपमान तो पिछले दस साल से भाजपा कर ही रही है। आने वाले दिन जनता के मान - अपमान के दिन है। अब जनता को तय करना है कि वो अपना मान चाहती है या अपमान ? अपमान का घूँट भी खून के घूँट की तरह कसैला होता है। उसमें आप चाहे जितनी रूह आफजा मिला लीजिये ,कसैलापन नहीं जाता तो नहीं जाता। जागो ! भाग्यविधाताओं जागो !! जागरण ही आज की मांग है। सभी को नवरात्रि उत्स्व की शुभकामनाएं।

# अभी बहुत दूर है उम्मीदों की 'ईद'



**@ राकेश अचल**
**achalrakesh1959@gmail.com**

' ईद ' एक लम्बे इन्तजार का दूसरा नाम है। चालीस दिन के कठिन रोजे के बाद हर मुस्लिम धर्मावलम्बी ' ईद ' का बेसब्री से इन्तजार करता है। इन्तजार और बेसब्री का घना रिश्ता है। इन्तजार हो और उसमें बेसबरू न हो तो मजा कहाँ आता है। रोजों की तरह हर धर्म में आत्मशुद्धि, आत्म जागरण और आत्मशक्ति हासिल करने के अनेकानेक उपाय है। इधर 'ईद' आ रही है, उधर शक्तिरूपा माता जी नौ दिवसीय प्रवास पर घर-घर पधार चुकी है। लगभग सभी घर इन दिनों शक्तिपीठ बने हैं। हर कोई चाँद और सूरज से रिश्ता बनाकर रखे हुए है। यही सब कमोवेश भारतीय विविधता का सार है, लेकिन दुर्भाग्य से भारतीय राजनीति अब इस सार को छोड़कर थोथेपन का शिकार हो रही है।

अदावत की राजनीति ने तीज-तयोहारों का मजा किरकिरा कर दिया है। अब जब भी तीज-त्यौहार आते हैं, उनके पहले एक आशंका भी आ जाती है या उसे समाज पर थोप दिया जाता है। आपसी भाईचारे के लगातार कमजोर होने से ये समस्या पैदा हुई है। अब ईद के साथ रामनवमी आये तो मुठभेड़ों का भय, ईद के साथ नवदुर्गा हो तो टकराव की आशंका। और ये सब पैदा कर रही है सियासत। देश को जबरन विविधता से एकांगी, एकरूपा, एक वर्णी, एकरंगी बनाने की जिद। जिद ये कि सर पर जालीदार टोपी पहनने से हजारों साल पुराना धर्म खतरे में पड़ने की चिंता होती है आज के सियासतदानों को।

इन दिनों देश में धार्मिकता के साथ ही चुनावों का भी मौसम है। चुनावी मौसम में ईद और रामनवमी या नवदुर्गा का आना, मुबारक माना जाना चाहिए। ' ईद ' अगर जमातों को सब्र का पाठ पढ़ाती है तो "रामनवमी" अमर्यादित सियासत को मयार्दा का पाठ पढ़ाने की कोशिश करती है। नवदुर्गा नारी शक्ति वंदना बिना किसी कानून के कराती है। अदावत की राजनीति धर्म की इस विविधता की शत्रु बन गयी है। बंगाल में उसे संदेशखाली की सियासत महत्वपूर्ण लगती है। मणिपुर राजनीति को जलता हुआ ही अच्छा लगता है। लद्दाख में जमी वर्फ कोई पिघलाना नहीं चाहता। लद्दाख की ही नहीं बल्कि जम्मू-कश्मीर की भी लगतार अनदेखी की जाती है, राजपूतों की अस्मिता को कुचलने के कुचक्र रचे जाते हैं। ब्राम्हणों को जानबूझकर किनारे किया जाता है।

संयोग है कि देश की जनता का सब्र अभी तक टूटा नहीं है। देश की जनता को अभी भी सियासत का चाँद दिखाई देने की उम्मीद है। जनता को उम्मीद है कि आज नहीं तो कल सियासत की ईद मनाई जाएगी। अदावत के बादलों से मुहब्बत की सियत का चाँद जरूर बाहर निकलेगा। चाँद ईद वालों के लिए ही नहीं बल्कि हर धर्म के लोगों के लिए उम्मीदों का प्रतीक है। सबको चाँद चाहिये। गनीमत है कि अभी तक किसी देश में ऐसा कोई कानून नहीं बना है जिसमें चाँद दर्शन को प्रतिबंधित किया गया हो। तालिबानी हों या कटटर चरमपंथी सबके सब चाँद के मुरीद हैं। बिना चंद्र दर्शन के ठंडक का अहसास किसी को नहीं होता। चाँद सबका है, सब जगह दिखता है। कोई पक्षपात नहीं करता। चाँद अपने भक्तों की जाती, धर्म, रंग-रूप नहीं देखता।

चाँद यानि चन्द्रमा यानि शशि यानि राकेश यानि, चंद्र, हिमांशु, सुधांशु, राकापति, सारंग, निशाकर, निशापति, रजनीपति, कलाधर, मयंक, तारापति, द्विजराज, सोम, हिमकर, शुभ्रांशु, शीतांशु, शीतगु, कुमुद, सुधाकर, सुधाधर, मृगांक, कलानिधि, इंदु, शशांक, विधु, शशधर, कौमुदीपति, अंशुमाली, नक्षत्रनाथ, नक्षत्रेष, द्विज, अमृतरश्मि, अमृतांश, उडुपति, उडुराज, उदधिसुत, ओषधीश, कुमुदिपति, तारकेश, विभाकर, क्षपाकर, क्षपानाथ, ग्रहराज, छायांक, तमोहर, तारकेश्वर, ताराधीश, तारानाथ, इंदु, चंदा, अत्रिज, अमीकर, अब्धिज, निशाकांत, महताब, तुषाररश्मि, माहताब, मृगलांछन, मेहताब, सिंधुजन्मा, सुधारश्मि, हरिणांक, हिमकर, श्वेताश्व, शीतांशु, सितांशु, औषधिपति, कुमुदबंधु, तुषारांशु, दधिसुत, दोषाकर, निशार्माण, रजनीपति, रजनीश और रोहिणीपति तो कहते ही हैं।

देश में हर पांच साल में चंद्रोदय की उम्मीद की जाती है। जनता इस काल का बेसब्री से इन्तजार करती है। कभी उसकी उम्मीदों का चाँद निकलता भी है और कभी नहीं भी निकलता। कभी चकमा दे जाता है, तो कभी लुका-छिपी करता है। लेकिन लोग चाँद का इन्तजार करते हैं । चाहे वो किसी भी सूरत का हो। सियासत में चाँद के नाम और रूप अलग-अलग है। सियासत का चाँद कमल भी हो सकता है और हाथ भी, हँसिया, हथौड़ा एवं तारा, हँसिया और बाली, हाथी, घड़ी, साइकिल मशाल, हल, तीर, तीर-कमान, लालटेन, दो दंपत्ती, शेर, सीढ़ी और लड़का-लड़की भी हो सकता है। आप अपने-अपने चाँद को पहचानिये, चुनिए, बटन दबाइये। ऊँगली पर निशान लगवाइये। तभी जाकर आपको असली ईद मनाने का मौका मिलेगा।

लोकतंत्र का चाँद निकलता है और जरूर निकलता है। ये उम्मीदों का चाँद है। लोकतंत्र की ईद में सब शामिल होते है। लोकतांत्र की ईद का एक ही विधान, एक ही निशान होता है और वो है मोहब्बत, आपसी भाई -चारा, अम्नो-अमान। इसे महफूज रखिये। यही वक्त की मांग है और जरूरत भी। मुझे उम्मीद है कि आप आज भी ईद मनाएंगे और 4 जून 2024 को भी। सब्र बनाये रखिये।

# राजस्थान का लोकोत्सव गणगौर

**रमेश सर्राफ धमोरा**

राजस्थान का नाम सुनते ही मन खुशी से झूम उठता है। राजस्थान के पर्व त्यौहार अपने आप में अलग ही महत्व रखतें हैं। राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है। गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौंहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। गणगौर शब्द भगवान शिव और पार्वती के नाम से बना है। गण यानि भगवान शिव और गौर यानि पार्वती। इसलिए शिव-पार्वती की पूजा के रूप में इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं।

इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं:-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली।

गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:-

म्हारा बाबाजी के माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,
ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झुमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का बिन्दौरा निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर, चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता बढ़ाने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने, विशेष कर महिला मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तहसील सभागार मानिकपुर में तहसीलदार मानिकपुर की अध्यक्षता में आंगनबाडी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं को निर्देशित किया गया कि वह अपने क्षेत्र में निर्वाचन आयोग की प्रतिनिधि बनकर जाएं एवं प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही दस्तक अभियान में जब वह आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री साथ में घर-घर भ्रमण पर जाएंगी, तब वह अपने विभागीय कार्य के साथ ही सभी महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने लिए प्रेरित करने का कार्य करें। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया एवं मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली।

इस मौके पर तहसीलदार मानिकपुर अखिलेश कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी डी विश्वकर्मा, सीडीपीओ अनुज प्रताप सिंह, सीडीपीओ बी एल गुप्ता, प्रभारी चिकित्साधिकारी मनीष यादव, नायब तहसीलदार पारुल सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने ली रानीपुर टाइगर रिजर्व की व्यवस्थाओं सम्बन्धी बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में रानीपुर टाइगर रिजर्व की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि रानीपुर टाइगर रिजर्व वर्ष 2022 में बनाया गया है। इसके पहले रानीपुर वन्य जीव विहार के नाम से था। उन्होंने कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में आज यह बैठक विभिन्न बिंदुओं पर की जा रही है। जिलाधिकारी ने पर्यटन, खनिज, विद्युत, कृषि, लोक निर्माण विभाग, उद्योग, नगर विकास आदि विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। उन्होंने उप जिलाधिकारी मानिकपुर तथा प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि जहां पर होटल व रिसॉर्ट बनाए जाने हैं, उसके सम्बन्ध में एवं जो उद्योग स्थापित किए जाने हैं उनका मौके पर निरीक्षण कर अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि रानीपुर टाइगर रिजर्व के अंतर्गत जो गांव चिन्हित किए गए हैं, उसमें यह देखें कि कितनी आबादी प्रभावित हो रही है। साथ ही कृषि का क्षेत्र भी कितना आ रहा है, इसको भी रिपोर्ट में शामिल किया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग से सम्बन्धित जो कार्य कराया जाना है, उसके सम्बन्ध में एक प्राक्कलन तैयार कर कार्यों को कराया जाए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत दीपक कुमार, उपायुक्त उद्योग केन्द्र एस के केसरवानी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, मानिकपुर भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

## महामना ज्योतिबा फुले साहेब की जयंती पर कल निकलेगी शोभायात्रा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** डॉ अंबेडकर जयंती समिति के अंतर्गत भारतीय बौद्ध महा सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में महामना ज्योतिबा फूल साहब की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। साथ ही संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ बी आर अंबेडकर की 133 जयंती समारोह को भव्य तरीके से मनाने के लिए प्रचार प्रसार मोटरसाइकिल जुलूस गुरूवार को पुरानी कोतवाली के सामने से भैरव पागा रोड होकर शंकर बाजार, नई दुनिया, कसहाई रोड, गल्ला मंडी, धनुष चैराहा, इलाहाबाद रोड, पटेल उत्सव भवन, पटेल तिराहा, चित्रकूट इन्टर कॉलिज रोड, एल आई सी, सोनपुर, पासी तिराहा होकर धुस मैदान पर समाप्त होगी।

## आत्महत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तरकहवा पुरवा मजरा भौंरी गांव की रेप पीड़िता ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या कर ली है। सुसाइड नोट में पीड़िता ने ग्राम प्रधान के बेटे को आत्महत्या के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने इस मामले में नामजद मां बेटे को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 9 अप्रैल 2024 को रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम तरकहवा पुरवा मजरा भौंरी में एक युवती द्वारा आत्महत्या कर ली गयी थी। जिसमें मृतका के पिता की तहरीर पर थाना रैपुरा में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा घटना का तत्काल संज्ञान लेकर क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्याय के नेतृत्व में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगायी गयी। थाना रैपुरा में नियुक्त उप निरीक्षक दिनेश पाण्डेय ने पुलिस टीम के साथ मुकदमें के नामजद आरोपी तरकहवा पुरवा मजरा भौंरी निवासी अखिल व सत्यभामा को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहाँ से न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## जिलाधिकारी ने किया देवांगना घाटी तक सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को पटेल तिराहा कर्वी से देवांगना घाटी तक सड़क चैड़ीकरण मार्ग निर्माण का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि सड़क के चैड़ीकरण का कार्य तेजी से कराया जाए। इस पर अधिशासी अभियंता ने बताया कि इस सड़क मार्ग में तीन पुलियों के निर्माण कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। विद्युत तार एवं पोल न हटाने के कारण सड़क मार्ग के कार्य में तेजी नहीं आ रही है। इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक कुमार को निर्देश दिए कि तत्काल विद्युत पोल एवं विद्युत लाइन को शिफ्ट कराया जाए ताकि सड़क निर्माण कार्य को तेजी से कराया जा सके। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि सड़क चैड़ीकरण में जिन किसानों की भूमि पड़ रही है, उन किसानों से संपर्क कर निस्तारण कराया जाए।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

## धूमधाम से मनाया गया विश्व होम्योपैथिक दिवस

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** होम्योपैथिक विभाग द्वारा सभी राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में होम्योपैथी चिकित्सा के जनक डॉ सैमुअल हनिमैन का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) मुरका में आयोजित गोष्ठी में बताया कि यह सस्ती, सुलभ एवं दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा विधा है। साथ ही गोष्ठी में आए हुए ग्रामवासियों को लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ राजीव सिंह, फार्मासिस्ट सुशील कुमार, योग प्रशिक्षक पंकज कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

## 6 देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता तथा आरक्षी सुरेन्द्र द्वारा दीपक उर्फ दीपू साहू निवासी मनोहरीगंज मर्दन नाका चैकी जनपद बांदा को 6 देशी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## भगवान की प्राप्त की मार्ग है सत्संग - महाराज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़ दास महाराज द्वारा जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा में अरविंद भाई मफत लाल की जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रही नौ दिवसीय राम कथा में मिथिला धाम से पधारे किशोरी शरण मधुकर महाराज (मुढिया बाबा सरकार) राम कथा का गान कर रहे है।

महाराज ने प्रभु की कथा का महत्त्व बताते हुए कहा कि जीव तब तक सुखी नही हो पाता जब तक अपने अंशीय ईश्वर को प्राप्त कर नही लेता। मानव जीवन केवल इन्हीं अंशिय की प्राप्ति के लिए मिला है। नदियों की दौड़ तब तक है, जब तक समुद्र को पा नही लेती। समुद्र को पाते ही वह विश्राम को पा लेती है। ऐसे ही जीव की दौड़ तब तक है जब तक अपने प्राण जीवन धन अपने प्राण प्रीतम प्रभु को पा नही लेता। इसी प्रभु की प्राप्ति के लिए मूलभूत स्वरूप में सत्संग है। जीवन मुक्त महापुरुष भागवत प्राप्ति की पश्चात भी सत्संग से उपराम नहीं होते।



उन्होंने कहा कि हनुमान, गरुण आदि नित्य मुक्त महापुरुष स्वयं भगवान शिव आदि भी भगवान की अनुपम कथा से अपने को उप्राव नहीं चाहते। ऐसी अनुपम भगवान की दिव्य कथा की निमित्त जो प्रेमी सज्जन बृंद बनते हैं, जो मनोरथी होते हैं, उनका परम सौभाग्य है। भगवान की कथा एक ऐसी अनुपम, दिव्य, अनंत जीवो को अनंत काल की सुखी करने का दिव्य स्वरुप है। जिन प्रेमी सज्जन भक्तों को सीताराम सरकार माध्यम बना करके अपने अनंत जीव को अनंत कल्याण के लिए यह अनंत रसमई कथा को रसास्वादन कराने का सौभाग्य प्रदान करते हैं, वो जीव कितने भाग्यशाली होते है। उन्होंने बताया कि कथा से बडा कोई दान ही नहीं बताया गया है। संसार के जो भी दान है चाहे पृथ्वी तक दान कर दो ये सब नश्वर तत्व है, पर प्रभु की कथा ही परम शाश्वत नित्य तत्व है। भगवान से भी बड़ा है। अगर कोई भगवान की प्राप्ति कराने वाली है तो कथा है। भगवान की कथा नही होती तो कोई सत्संग नही होता, कोई भक्त नही होता, कोई साधु संत, महात्मा नही हो पाते।

## तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक अंशुल कुमार तथा आरक्षी दीपक द्वारा दिनेश कुमार निवासी अर्जुनपुर को 1 तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में शस्त्र अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## 20 मई को रहेगा सार्वजनिक अवकाश - डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि अनुसूची के द्वितीय स्तम्भ में निर्दिष्ट तिथि को अनुसूची के तृतीय स्तम्भ में तत्स्थानीय प्रविष्टि में निर्दिष्ट आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन तथा विधान सभा उप निर्वाचन-2024 से सम्बन्धित जनपद में निर्वाचन के प्रयोजन के लिये सार्वजनिक अवकाश घोषित करती है। अनुसूची के तृतीय स्तम्भ निर्दिष्ट आगामी लोक सभा तथा विधान सभा उप निर्वाचन-2024 के क्षेत्र से सम्बन्धित जिले के कोषागार तथा उप कोषागार भी बन्द रखे जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। उन्होंने बताया कि जनपद में 20 मई को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## मतदाता जागरूकता मैराथन के जरिए मतदाताओं को किया गया जागरूक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 मतदान 20 मई को युवा मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मुख्यालय के धनुष चैराहा से बुधवार को मतदाता जागरूकता मैराथन को मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मैराथन दौड़ मुख्यालय के धनुष चैराहा से प्रारम्भ होकर जिला स्टेडियम में समाप्त हुई। जहाँ पर सभी को मतदाता शपथ दिलाते हुए संकल्प लिया गया कि 20 मई को जनपद में होने वाले लोकसभा चुनाव में सभी मतदान करने के लिए अपने बूथों में अवश्य जाएंगे। साथ ही अपने घर, परिवार, रिश्तेदार व पड़ोस में रहने वाले हर मतदाता को मत के महत्ता को बताते हुए मतदान के लिये प्रेरित करेंगें। खासकर उन युवाओं को जो प्रथम बार मतदाता बने है, वह अपने इस अमूल्य मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। साथ ही यह भी बताना है कि यदि कोई युवा जिसकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई है और वह अपना नाम मतदाता सूची में नही पंजीकृत करा पाएं हो वह अभी भी अपना नाम वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या फिर बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से फॉर्म -6 भरकर पंजीकृत करा सकते हैं, अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इस अवसर पर मैराथन के सभी विजेताओं बालकों में सुनील कुमार, संदीप कुमार, शिवांश शुक्ला, हरी किशन सिंह, अनुरुद्ध तथा बालिकाओं में गंगा देवी, नंदनी जाटव, लवली सिंह, सोनाली देवी, सपना देवी, पलक आदि को पुरस्कृत किया गया।



इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, प्रशिक्षु उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लवप्रकाश यादव, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, स्वीप आइकन मइयादीन पटेल, शिक्षक सुरेश प्रसाद, अवधेश सिंह, रमेश सिंह, चेतन यादव, विनोद कुमार, नेमचंद सिंह, श्रीकेशन, शैलेन्द्र कुमार, रमेश सिंह चंदेल, भरत सिंह, कीर्तिरानी, सीमा देवी आदि मौजूद रहे।

## फसल खराब होने से परेशान किसान ने की खुदकुशी, पेड़ से लटका मिला शव

**चित्रकूट।** जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के भसौंधा गांव के बाहर किसान ने पेड़ में गमछे से फांसी लगा ली। जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि कर्ज होने व फसल का कम उत्पादन होने के चलते उसने यह कदम उठाया है। भरतकूप थाना क्षेत्र के बलरामपुर भैसौंधा निवासी माता प्रसाद ने बताया कि उसका छोटा भाई राजकुमार राजपूत (49) मंगलवार सुबह खेत में फसल कटाई करने के लिए घर से निकला था। घर से लगभग 200 मीटर दूर बबूल के पेड़ में गमछे से फांसी लगा ली। थोड़ी देर बाद राजकुमार की पत्नी बुद्धी देवी फसल काटने के लिए उसी रास्ते से खेत जा रही थी तो पति को पेड़ पर लटकता देख चीख पड़ी।

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 50 लीटर कच्ची व 21 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। राजापुर थाने के उप निरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह तथा आरक्षी लवकुश यादव, महिला आरक्षी सुकिर्तिका द्वारा सावित्री निवासी चिल्लाराकस को 50 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार बरगढ़ थाने के उप निरीक्षक रामधार सिंह तथा उनके हमराही द्वारा फूलकली देवी निवासी सुअरहा को 21 क्वाक्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के चुनाव में भारत की जीत, सुश्री जगजीत पवाडिया को फिर चुना गया

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की एक और बड़ी जीत हुई है। भारत की सुश्री जगजीत पवाडिया को अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के लिए फिर से चुना गया। इस चुनाव का आयोजन संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद ने किया। इसे सर्वाधिक प्रतिस्पर्धी चुनाव माना जाता है। सुश्री पवाड़िया ने सर्वाधिक मत हासिल किए।

भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को एक्स हैंडल पोस्ट में कहा, "आज, भारत की उम्मीदवार सुश्री जगजीत पवाडिया को न्यूयॉर्क में हुए चुनाव में 2025-2030 की अवधि के लिए अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड के लिए फिर से चुना गया है। भारत ने बोर्ड के सभी निर्वाचित सदस्य देशों के बीच सबसे अधिक वोट हासिल किए।" उल्लेखनीय है कि जगजीत पवाड़िया ने 2019 में भी जीत हासिल की थी। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी चीन के हाओ वेई को हराकर रिकॉर्ड वोटों से जीत हासिल की थी।



## रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी परमाणु संयंत्र की स्थिति गंभीर: आईएईए

**कीव।** यूक्रेन में यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के पास कथित ड्रोन हमले के कारण हुए विस्फोट से इसकी सुरक्षा पर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि इस समय फिलहाल कोई सीधा खतरा नहीं है, लेकिन इसकी स्थिति ह्यबेहद गंभीरह्न होने का पता चलता है क्योंकि यह बार-बार दोनों ओर से होने वाली गोलाबारी की चपेट में आता रहा है।

आईएईए ने कहा कि संयंत्र के पास स्थित प्रशिक्षण केंद्र में हुए विस्फोट के बारे में उसकी टीम अवगत है और उसे सूचित किया गया है कि यह धमाका ड्रोन हमले की वजह से हुआ। आईएईए ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर घटना की घोषणा करते हुए कोई और विवरण नहीं दिया लेकिन इसकी जानकारी संभवतः रूसियों से मिली जिन्होंने युद्ध के प्रारंभिक चरण से ही संयंत्र पर कब्जा कर रखा है।

जपोरिजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र दुनिया के 10 सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक है और यह यूक्रेन के दक्षिणी भाग में स्थित है। इस संयंत्र के संबंध में, रूस और यूक्रेन के बीच जारी लड़ाई ने 1986 में हुई चेरनोबिल जैसी संभावित परमाणु आपदा की आशंका को बढ़ा दिया है, जहां एक रिएक्टर में विस्फोट हुआ था और विशाल क्षेत्र में घातक विकिरण फैल गया था।

## पाकिस्तान में नाबालिग से जबरन शादी और मतांतरण में तीन के खिलाफ मामला दर्ज, पढ़िए पूरा मामला?




**लाहौर।** पाकिस्तान के शेखपुरा जिले में 11 वर्षीय नाबालिग लड़की का ातांतरण करवाने और उससे जबरन शादी करने के आरोप में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पंजाब के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री रमेश सिंह अरोड़ा ने चिंताजनक घटना के जवाब में तुरंत कार्रवाई का आदेश दिया।

बकौल रिपोर्ट, फिरोजवाला के निवासी सलीम मसीह ने बताया कि स्थानीय पुलिस के अधिकारी 27 मार्च को उसके घर आए और उन्हें अगले दिन अपनी बेटी संग कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट में पेश होने पर सलीम मसीह को यह पता चला कि उनके पुराने पड़ोसी इमरान सरफराज ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। सलीम मसीह अपनी बेटी और कई रिश्तेदारों के साथ कोर्ट में हाजिर हुए। वहां उन्हें पता चला कि पहले उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान सरफराज ने दावा किया है कि उनकी बेटी उसकी पत्नी है।

**क्या है पूरा मामला?**

कोर्ट में उन्हें (मसीह) पता चला कि पहले उनके पड़ोस में रहने वाले इमरान सरफराज ने दावा किया है कि उनकी बेटी उसकी पत्नी है। उसने शादी का प्रमाणपत्र भी दिखाया। यह मैरिज सर्टिफिकेट 10 अक्टूबर 2023 का था। कोर्ट में सरफराज ने अपनी बेटी के उम्र का प्रमाणपत्र जमा किया जिसमें उसकी उम्र 11 वर्ष थी।

इस खुलासे के बाद सरफराज ने कथिततौर पर लड़की के मतांतरण के बाद उसकी शादी करने के लिए परिवार पर दबाव बनाया।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के साथ बातचीत में सलीम मसीह की बेटी ने खुलासा कि पड़ोसी ने वॉटर पार्क ले जाने के बहाने शादी के दस्तावेजों पर दस्तखत करने के लिए ले गया। सबूतों की समीक्षा करने पर कोर्ट ने इमरान सरफराज की याचिका खारिज कर दी। साथ ही उसकी मां और शादी के गवाहों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का निर्देश दिया।

**अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने की मसीह से मुलाकात**

रमेश सिंह अरोड़ा ने मामले की जानकारी मिलते ही सलीम मसीह से मुलाकात की और पुलिस से संदिग्ध के खिलाफ तेजी से मामला दर्ज करने का अनुरोध किया। सनद रहे कि पिछले साल संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों के एक समूह ने पाकिस्तान में लड़कियों के अपहरण, जबरन विवाह और मतांतरण के मामलों में कथित बढ़ोतरी को लेकर चिंता व्यक्त की थी।

## हांगकांग के 'न्यू लकी हाउस' इमारत में लगी भीषण आग, पांच लोगों की मौत; बिल्डिंग के अंदर मदद की गुहार लगा रहे लोग

**एपी, हांगकांग।** हांगकांग में एक इमारत में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए।

**इमारत के अंदर से मदद की गुहार लगा रहे लोग**

आग हांगकांग के न्यू लकी हाउस नामक इमारत में लगी। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि तीन पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने यह भी कहा कि उन्हें अभी भी इमारत के अंदर से मदद के लिए लोगों के फोन आ रहे हैं।

# नेपाल में गृहमंत्री के खिलाफ सभी विपक्षी दल एकजुट हुए, हंगामे के बाद संसद रविवार तक स्थगित

**काठमांडू।** गृहमंत्री रवि लामिछाने सहित उनकी पार्टी के अन्य नेताओं की सहकारी घोटाला में शामिल होने की जांच के लिए संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग पर सभी विपक्षी दल एकजुट हो गए हैं। इसी मामले पर बुधवार को भी विपक्षी दलों ने संसद को अवरूद्ध किया। आज सदन अवरूद्ध होने के बाद स्पीकर देवराज घिमिरे ने अगले रविवार तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया है।

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस पिछले कई दिनों से लगातार सहकारी घोटाले में गृहमंत्री रवि लामिछाने की भूमिका की जांच को लेकर संसदीय जांच समिति की मांग कर रही है। साथ ही पिछले 15 दिनों से लगातार संसद की कार्रवाई अवरूद्ध करती आ रही है।


नेपाली कांग्रेस के इस मांग के समर्थन में अन्य विपक्षी दल राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी सहित अन्य छोटे दलों ने भी आज संसद अवरूद्ध किया है। इन सबकी मांग है कि जल्द से जल्द सरकार को एक संसदीय जांच समिति बनाकर देश में हुए सहकारी घोटाला की जांच की जाए।

आज सदन अवरूद्ध होने के बाद स्पीकर देवराज घिमिरे ने अगले रविवार तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया है। लगातार सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद एकीकृत समाजवादी पार्टी के संसदीय दल के उपनेता राजेन्द्र पाण्डे ने कहा कि सरकार को संयुक्त संसदीय समिति की जांच के लिए सकारात्मक रूख दिखाना चाहिए। इसी तरह एक अन्य सत्तारूढ़ दल जनता समाजवादी पार्टी के नेता राजकिशोर यादव ने कहा स्पीकर की कमजोरी के कारण बार-बार सदन स्थगित हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्पीकर को चाहिए कि वो सरकार को इस बात के लिए रूलिंग दें, ताकि संसदीय समिति का गठन हो सके।

कांग्रेस की मांग पर राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने समर्थन देते हुए संसदीय समिति की जांच की मांग दोहराई है। राप्रपा के सांसद ज्ञानेन्द्र शाही ने कहा कि नैतिकता के आधार पर गृहमंत्री लामिछाने को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अगर वो पद नहीं छोड़ रहे हैं तो संसदीय जांच समिति के गठन के बिना सदन को सुचारू नहीं होने दिया जाएगा। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के सांसद सर्वेन्द्रनाथ शुक्ला ने कहा कि जब सहकारी घोटाले की जांच चल रही थी तो अचानक सत्ता गठबंधन के बदलने और गृहमंत्रालय में मंत्री बदलने के बाद रवि लामिछाने के खिलाफ चल रही जांच अचानक कैसे रूक गई। शुक्ला ने कहा कि गृहमंत्री के प्रभाव का असर जांच पर दिख रहा है। इसलिए संसदीय जांच समिति ही हमारी मुख्य मांग है।

# कौन हैं आचार्य लोकेश मुनि जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से किया गया सम्मानित, जो बाइडन भी हैं मुरीद

**वाशिंगटन।** अहिंसा विश्व भारती और विश्व शांति केंद्र के संस्थापक जैन आचार्य लोकेश मुनि को वाशिंगटन के कैपिटल हिल में अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वह अमेरिकी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय भिक्षु हैं। उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार, गोल्डन शील्ड, सम्मान प्रमाण पत्र और राष्ट्रपति बाइडन के हस्ताक्षर वाले प्रशस्ति पत्र दिए गए।



**जो बाइडेन ने की तारीफ**

अमेरिकी राष्ट्रपति ने आचार्य लोकेश मुनि के वैश्विक शांति प्रयासों की प्रशंसा करते हुए लिखा कि अपना समय देकर आप हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने में मदद कर रहे हैं। इनकी हमें पहले से अधिक जरूरत है। हम ऐसे क्षण में जी रहे हैं जिसे आशा, प्रकाश और प्यार की आवश्यकता है आप अपनी सेवा के माध्यम से ये तीनों प्रदान कर रहे हैं।

**इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी**

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जैन आचार्य ने कहा कि इस पुरस्कार ने और जिम्मेदारी बढ़ा दी है। यह सम्मान भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों, भगवान महावीर के जैन सिद्धांतों का सम्मान है। लोकेश मुनि ने बाइडन का आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि भारत और अमेरिका मानव जाति के उत्थान के लिए मिलकर काम करते रहेंगे।

# शिकागो पुलिस ने यातायात रोकने के दौरान चलाई 41 सेकंड में लगभग 100 गोलियां, वीडियो आई सामने

**एपी, शिकागो।** शिकागो में पुलिसकर्मियों द्वारा सड़क पर गोलीबारी करने की घटना सामने आई है। पुलिस निगरानी एजेंसी द्वारा मंगलवार को एक ग्राफिक वीडियो फुटेज जारी किया गया। इस वीडियो के अनुसार, सादे कपड़ों में शिकागो पुलिस अधिकारियों ने यातायात रोकने के दौरान 41 सेकंड में लगभग 100 गोलियां चलाईं, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अधिकारी घायल हो गया।

पिछले महीने एक अज्ञात पुलिस वाहन में सवार सामरिक इकाई के पांच अधिकारियों ने कथित तौर पर सीट बेल्ट न पहनने के कारण डेक्सटर रीड द्वारा संचालित एक एसयूवी को घेर लिया था।

वीडियो में दिखाया गया है कि 26 वर्षीय व्यक्ति थोड़ी देर के लिए खिड़की को नीचे करता है और फिर उसे ऊपर उठाता है और वाहन से बाहर निकलने से इनकार करता है क्योंकि अधिक अधिकारी आते हैं, जो चिल्लाते हैं और हथियार निकालते हैं।

पुलिस जवाबदेही के नागरिक कार्यालय ने कहा कि प्रारंभिक साक्ष्य से पता चलता है कि रीड ने पहले गोली चलाई, जिससे शहर के वेस्ट साइड पर हम्बोल्ट पार्क पड़ोस में एक अधिकारी घायल हो गया। फिर चार अधिकारियों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 96 राउंड गोलियां चलाईं।

सीओपीए ने बॉडी-वेर्न कैमरा फुटेज, 911 कॉल और पुलिस रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, "रीड अपने वाहन से बाहर निकलकर जमीन पर गिर गया" के बाद भी गोलीबारी जारी रही।

जारी किए गए वीडियो पुलिस द्वारा पिछले महीने शुरू में पेश किए गए वीडियो की तुलना में अधिक विस्तृत परिप्रेक्ष्य हैं।

पुलिस अधीक्षक लैरी स्नेलिंग ने पहले कहा था कि 21 मार्च को गोलीबारी यातायात रोकने के साथ शुरू हुई थी और इसे "गोलियों का आदान-प्रदान" बताया गया था।

## नेपाली संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा के उपाध्यक्ष पद पर नेकपा एमाले की जीत

**काठमांडू।** नेपाली संसद के उच्च सदन राष्ट्रीय सभा के उपाध्यक्ष पद पर नेकपा एमाले पार्टी ने जीत हासिल की है। नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार को पराजित करते हुए एमाले ने इस पद पर कब्जा किया है।

राष्ट्रीय सभा उपाध्यक्ष पद के लिए बुधवार को हुए मतदान में नेकपा एमाले के उम्मीदवार विमला घिमिरे ने नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार विष्णु देवी पुडासैनी को हराया है। 55 सदस्यीय उच्च सदन में विमला घिमिरे के पक्ष में 39 सांसदों ने मतदान किया, जबकि कांग्रेस की उम्मीदवार पुडासैनी के पक्ष में 16 वोट पड़े। घिमिरे के पक्ष में एमाले के अलावा माओवादी, एकीकृत समाजवादी, जनता समाजवादी पार्टी ने मतदान किया, जबकि नेपाली कांग्रेस के उम्मीदवार को अपनी पार्टी के अलावा लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के एक सांसद ने मतदान किया।

नेपाल में सत्ता समीकरण बदलने पर राष्ट्रीय सभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर पुनर्मतदान कराया गया। सभा के अध्यक्ष पद पर माओवादी के नारायण प्रसाद दाहाल पहले ही निर्वाचित हो चुके हैं। नेपाल के संविधान के मुताबिक संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष अलग लिंग और अलग दल से होना चाहिए। अध्यक्ष पद पर माओवादी के तरफ से पुरुष उम्मीदवार की जीत के बाद उपाध्यक्ष पद पर महिला उम्मीदवार को खड़ा किया गया था।

## हांगकांग के न्यू लकी हाउस में लगी आग, 5 की मौत और 27 घायल

**नई दिल्ली।** हांगकांग में एक इमारत में आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य घायल हैं।

आग हांगकांग के न्यू लकी हाउस नामक इमारत में लगी। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन पुरुष और दो महिलाओं की मौत हुई है। सुबह 7.53 बजे आग की सूचना मिलने पर दमकलकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। आग पहली मंजिल पर स्थित एक जिम में लगी थी।

## भारतीय मूल के कारोबारी समेत दो की कनाडा में हुई गोलीबारी में मौत

**ओटावा।** कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में भारतीय मूल के एक कारोबारी (निर्माण कार्य से जुड़ी कंपनी के मालिक) समेत दो लोगों की मौत दिन दहाड़े हुई गोलीबारी में हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय समाचार चैनल ने सोमवार को खबर दी कि प्रांत में कैवनघ इलाके के एक रिहायशी क्षेत्र में उसी दिन पूर्वाह्न के समय गोलीबारी हुई और सूचना मिलने पर अधिकारियों ने कार्रवाई की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आपात चिकित्सा सेवा हरकत में आयी और उसने बताया कि 49 वर्षीय एवं 57 वर्षीय एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी है तथा 51 वर्षीय एक पुरुष गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने कहा कि 51 वर्षीय व्यक्ति अभी अस्पताल में भर्ती है और उसके शरीर पर जानलेवा घाव हैं। मृत व्यक्तियों का पोस्टमार्टम मंगलवार और बुधवार को होना है।

मृत भारतीय की पहचान एक निर्माण कंपनी के मालिक बूटा सिंह गिल के रूप में हुई है। उनकी पंजाबी समुदाय में अच्छी पकड़ थी।

## अमेरिका और भारत की साझेदारी नई ऊंचाई पर, सुलिवन ने बताया क्यों जरूरी है दोनों देशों का संबंध



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा कि भारत के साथ प्रौद्योगिकी व अन्य क्षेत्रों में साझेदारी नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। उन्होंने ब्रिक्स के विस्तार को अमेरिकी नेतृत्व के लिए झटका मानने से इन्कार किया। कहा, हमने हाल में नाटो जैसे संगठनों का विस्तार देखा है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में हमारे संबंध और बेहतर हुए हैं।

**अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही**

व्हाइट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में सुलिवन संवाददाताओं द्वारा ब्रिक्स को लेकर पूछे गए उस सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें कहा गया कि ब्राजील, रूस, भारत, चीन व दक्षिण अफ्रीका से मिलकर बने संगठन के विस्तार से अमेरिका के नेतृत्व पर अंगुली उठ रही है। हाल ही में ब्रिक्स में ईरान, मिस्त्र, संयुक्त अरब अमीरात और इथियोपिया शामिल हुए हैं और सऊदी अरब शामिल होने पर विचार कर रहा है।

**भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत**

इस पर सुलिवन ने कहा कि ऐसा नहीं है, भारत के साथ अमेरिका की साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। यदि आप दुनिया के प्रमुख क्षेत्रों में अमेरिका की भूमिका और उसके रुख को देखें तो हम जहां हैं उससे बहुत खुश हैं। आप देखें कि नाटो का क्या हुआ, हमने इसे अब तक का सबसे बड़ा विस्तार दिया है। अगर पिछले सप्ताह की बात करें तो अमेरिका, जापान और फिलीपींस के बीच ऐतिहासिक त्रिपक्षीय सहयोग सामने है। सुलिवन ने कहा कि हालांकि, हमें चीन द्वारा रूस को सीधे सैन्य सहयोग के साक्ष्य नहीं मिले, लेकिन फिर भी हमने चीन से इस पर चिंता जताई है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# मिस्त्र, जॉर्डन व फ्रांस ने गाजा में तत्काल युद्धविराम का किया आग्रह

**काहिरा।** मिस्त्र, जॉर्डन और फ्रांस ने गाजा पट्टी में तत्काल युद्धविराम का आग्रह किया है, जहां छह महीने से इजराइली बमबारी जारी है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि सोमवार को एक संयुक्त बयान में मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सिसी, जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2728 को तत्काल और बिना शर्त लागू करने का आह्वान किया। इसमें गाजा में तत्काल युद्धविराम की बात कही गई है।

नेताओं ने कहा,"हम राफा पर इजराइली हमले के खतरनाक परिणामों के खिलाफ चेतावनी देते हैं, जहां 1.5 मिलियन से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों ने शरण ले रखी है। इस तरह के हमले से केवल और अधिक मौतें और पीड़ा होगी। इससे क्षेत्रीय तनाव बढ़ने का भी खतरा है।"

नेताओं ने इजराइल से फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई की मांग की और युद्धविराम, बंधकों व



बंदियों के मुद्दों से निपटने के लिए मिस्त्र, कतर और संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में हो रही वार्ता का समर्थन किया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी सूचना के मुताबिक इजराइली हमले में गाजा में अब तक 33,207 फिलिस्तीनी मारे गए और 75,933 लोग घायल हुए हैं।